रजिस्ट्रेड सं० डी० (डी)-73

REGISTERED No. D. (D)-73

Central Secretariat Library

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 46] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 16, 1974/ कार्तिक 25, 1896
No. 46] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 16, 1974/KARTIKA 25, 1896

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किये गए साधारण नियम जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उपनियम आदि सम्मिलित हैं।

General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

मंत्रिमण्डल सचिवालय
(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 26 अक्तूबर, 1974

सा०का०नि० 1199—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति, केन्द्रीय सिविल सेवाओं और पदों के श्रेणी III और IV की रिक्तियों में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण के विनियमन हेतु निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

1 संक्षिप्त शीर्षक, प्रारम्भ और लागू रहने की अवधि—(1) इन नियमों का नाम भूतपूर्व सैनिक (केन्द्रीय सिविल सेवाओं और पदों की श्रेणी III और श्रेणी IV में रिक्तियों का आरक्षण) नियम, 1974 है।

(2) ये नियम पहली जुलाई, 1974 को लागू हुए समझे जाएंगे।

(3) ये नियम प्रारम्भ होने की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए लागू रहेंगे।

2 परिभाषाएं—इन नियमों में जब तक प्रसंग से द्वारा अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) "संघ की सशस्त्र सेनाओं" का अभिप्राय संघ की नौसेना, सेना या वायु सेनाओं से है,

(ख) "विकलांग भूतपूर्व सैनिक" का अभिप्राय उन भूतपूर्व सैनिकों से है जो संघ की सशस्त्र सेना में सेवा करते हुए शत्रु के विरुद्ध लड़ाई में अथवा अशान्त क्षेत्र में विकलांग हो गए हों।

(ग) "भूतपूर्व सैनिक" का अभिप्राय उस व्यक्ति से है जो संघ की सशस्त्र सेनाओं में, जिनमें असम राइफल्स, रक्षा सुरक्षा कोर, सामान्य रिजर्व इंजीनियरी सेवा तथा जम्मू व कश्मीर मिलीशिया, लोक सहायक सेना तथा प्रादेशिक सेना को छोड़कर भूतपूर्व भारतीय राज्यों की सशस्त्र सेनाएं भी सम्मिलित हैं, किसी पद पर (चाहे लड़ाई से सम्बन्धित हों या उनसे भिन्न) अनुप्रमाणन के बाद कम से कम लगातार छह महीने तक सेवा कर चुका है, और

(i) अपवस्थ किए जाने या, कदाचार या अवक्षता के कारण सेवा से निर्मुक्त किए जाने या इस प्रकार निर्मुक्त किए जाने के समय तक रिजर्व में स्थानान्तरित किए गए हों, या

(ii) निर्मुक्त किए जाने या जैसा कि ऊपर कहा गया है, रिजर्व में स्थानान्तरित किए जाने के पात्र होने के लिए आवश्यक सेवा की अवधि पूरी करने के लिए ऐसी अवधि तक जो छह महीने से अधिक न हो, सेवा करनी है।

(घ) "आरक्षित रिक्तियों" का अभिप्राय नियम 4 के अधीन भूतपूर्व सैनिकों द्वारा भरे जाने के लिए आरक्षित रिक्त स्थानों से है।

3 लागू होना -- ये नियम सभी केन्द्रीय सिविल सेवाओं और पदों की श्रेणी III और IV के लिए लागू होंगे।

4. (1) रिक्त स्थानों का आरक्षण—प्रत्येक वर्ग में श्रेणी III के रिक्त स्थानों के और प्रत्येक श्रेणी III की सेवा के इसी प्रकार के पदों में रिक्त स्थानों के 10 प्रतिशत और प्रत्येक वर्ग के श्रेणी IV के पदों में रिक्त स्थानों के, जिसमें प्रारम्भ में अस्थायी आधार पर भरे जाने वाले स्थायी रिक्त स्थान सम्मिलित हैं, 20 प्रतिशत और किसी वर्ष में सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले अस्थायी रिक्त स्थान, जिनके स्थायी किए जाने और/या तीन महीने और अधिक समय के लिए चालू रहने की सम्भावना है, भूतपूर्व सैनिकों द्वारा भरे जाने के लिए आरक्षित किए जाएंगे।

परन्तु यह कि यदि किसी वर्ग के पदों में भूतपूर्व सैनिकों के लिए इसमें विहित आरक्षण की प्रतिशतताएं भर्ती की एक वर्ष के अन्तर्गत भूतपूर्व सैनिकों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के लिए आरक्षित रिक्त स्थानों (जिसमें अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के लिए अग्रेनीत आरक्षण भी सम्मिलित हैं) की कुल संख्या तक और किसी अन्य वर्गों के लिए, जिनको सम्मिलित करके उस वर्ष में भरे गए किसी वर्ग के पदों के रिक्त स्थानों के 50 प्रतिशत से जितने कम या अधिक हों, तो भूतपूर्व सैनिकों के लिए किए गए आरक्षण उतने ही घटा या बढ़ा दिए जाएंगे।

परन्तु यह और कि पूर्ववर्ती परन्तुक के अधीन भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षणों में वृद्धि किए जाने की स्थिति में उनके लिए इस प्रकार उपलब्ध हुई अतिरिक्त रिक्तियों का उपयोग पहले विकलांग भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति के लिए किया जाएगा और यदि फिर भी ऐसी कोई रिक्ति शेष रह जाये तो वह अन्य भूतपूर्व सैनिकों को उपलब्ध कराई जाएगी।

(2) भूतपूर्व सैनिकों द्वारा भरे जाने वाले आरक्षित रिक्तियों में से अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय समय पर जारी किए जाने वाले आदेशों के अनुसार रिक्तियां आरक्षित की जाएंगी :

परन्तु यह कि यदि अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित आदिम जाति के किसी भूतपूर्व सैनिक का चुनाव कर लिया जाता है तो उसका चयन आरक्षणों के उस सम्पूर्ण कोटे में गिना जाएगा जिसे केन्द्रीय सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में समय समय पर जारी किए जाने वाले आदेशों के अनुसार निर्धारित करे।

5 आयु सीमा सम्बन्धी विशिष्ट व्यवस्था--आरक्षित रिक्त स्थानों की नियुक्ति के लिए प्रत्येक भूतपूर्व सैनिक, जो संघ की सशस्त्र सेनाओं में कम से कम छह महीने की लगातार सेवा कर चुका है उसे अपनी वास्तविक आयु में से इस प्रकार की सेवा की अवधि कम करने दी जाएगी और यदि परिणामी आयु उस पद/सेवा के लिए जिसके लिए वह नियुक्ति चाहता है, विहित अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होती, तो उसकी आयु सीमा सम्बन्धी शर्त पूरी समझी जाएगी।

6. (1) शैक्षणिक योग्यताओं सम्बन्धी विशिष्ट व्यवस्था--चपरासी, दफ्तरी, जमादार और रिकार्डशार्टर के श्रेणी IV के पदों के किसी आरक्षित रिक्त स्थान की नियुक्ति के लिए, प्रत्येक भूतपूर्व सैनिक को, जो संघ की सशस्त्र सेनाओं में कम से कम तीन वर्ष सेवा कर चुका है, विहित शैक्षिक योग्यता में छूट दी जाएगी।

स्पष्टीकरण--इस उपनियम के प्रयोजन के लिए ऐसी सेवा की अवधि, जो किसी व्यक्ति ने संघ की सशस्त्र सेनाओं में की है, ऐसी अवधि भी गिनी जाएगी जो उसने भारत सरकार के किसी सिविल विभाग में सेवा के दौरान की है।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट रिक्तियों को छोड़कर श्रेणी IV के पदों की किसी भी आरक्षित रिक्ति पर नियुक्ति के लिए, नियुक्ति प्राधिकारी ऐसे पदों के सम्बन्ध में विहित न्यूनतम शैक्षिक अर्हताओं में, यदि कोई हो, उन भूतपूर्व सैनिकों के लिए स्वविवेक से छूट दे सकता है जो अन्यथा ऐसे पदों पर नियुक्ति के पात्र हैं।

7 भर्ती के नियमों का संशोधन — केन्द्रीय सरकार के अधीन श्रेणी III और श्रेणी के IV पदों और सेवाओं में व्यक्तियों की भर्ती का विनियमन करने वाले सभी नियम इन नियमों के उपबन्धों के अधीन होंगे और इनका अर्थ तदनुसार लगाया जाएगा।

[सं० 13/24/73–स्थापना(ग)]

जे० एस० अहलुवालिया, अवर सचिव

भूतपूर्व सैनिक (केन्द्रीय सिविल सेवाओं और पदों के श्रेणी III और श्रेणी IV के रिक्त स्थानों का आरक्षण) नियम, 1974 का

व्याख्यात्मक ज्ञापन

समय समय यथा संशोधित भूतपूर्व सैनिक (केन्द्रीय सिविल सेवाओं और पदों (श्रेणी III और श्रेणी IV) में रिक्त स्थानों का आरक्षण) नियम, 1971 के अधीन केन्द्रीय सिविल सेवाओं और पदों, श्रेणी III और श्रेणी IV में सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले रिक्त स्थानों में भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण उपलब्ध थे। ये नियम पहली जुलाई, 1974 से लागू नहीं रहे। इन नियमों का अभिप्राय यह था कि उन भूतपूर्व सैनिकों की पुनर्नियुक्ति को सुनिश्चित किया जाए जो अपेक्षाकृत युवावस्था में सेवोनमुक्त हो गए हैं, जबकि वे सिविल नौकरी में उपयोगी हो सकते हैं। अतः आरक्षणों की अवधि को पहली जुलाई, 1974 से और पांच वर्ष के लिए बढ़ाने का निर्णय किया गया है जिससे पहली जुलाई, 1974 से उत्पन्न होने वाली आरक्षित रिक्तियों में भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति हो सके। इन नियमों से किसी व्यक्ति के हकों पर कोई भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

CABINET SECRETARIAT

(Department of Personnel and Administrative Reforms)

New Delhi, the 26th October, 1974

G.S.R. 1199.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules for regulating the reservation of vacancies in the Central Civil Services and Posts, Class III and Class IV, for ex-servicemen, namely:—

1. Short title, commencement and period of operation :—(1) These rules may be called the Ex-servicemen (Reservation of vacancies in the Central Civil Services and Posts, Class III and Class IV) Rules, 1974.

(2) They shall be deemed to have come into force on the 1st day of July, 1974.

(3) They shall remain in force for a period of five years from the date of their commencement.

2. Definitions.—In these rules, unless the context otherwise requires :—

(a) "Armed Forces of the Union" means the Naval, Military or Air Forces of the Union;

(b) "disabled ex-serviceman" means an Ex-serviceman who while serving in the Armed Forces of the Union was disabled in operations against the enemy or in disturbed areas;

(c) "ex-serviceman" means a person, who has served in any rank (whether as a combatant or as non-

combatant), in the Armed Forces of the Union, including the Armed Forces of the former Indian States but excluding the Assam Rifles, Defence Security Corps, General Reserve Engineering Force, Jammu and Kashmir Militia, Lok Sahayak Sena and Territorial Army, for a continuous period of not less than six months after attestation, and

(i) has been released, otherwise than by way of dismissal or discharge on account of misconduct or inefficiency, or has been transferred to the reserve pending such release, or

(ii) has to serve for not more than six months for completing the period of service requisite for becoming entitled to be released or transferred to the reserve as aforesaid,

(d) "reserved vacancies" means vacancies reserved under rule 4 for being filled by ex-serviceman.

3. Application.—These rules shall apply to all the Central Civil Services and Posts, Class III and Class IV.

4. (1) Reservation of vacancies.—Ten per cent of the vacancies in each of the categories of Class III posts and of such posts in each Class III service and twenty per cent of the vacancies in each of the categories of Class IV posts and of such posts in each Class IV service including permanent vacancies filled initially on a temporary basis and temporary vacancies which are likely to be made permanent and/or are likely to continue for three months or more, to be filled by direct recruitment in any year shall be reserved for being filled by ex-servicemen :

Provided the percentages of reservation so specified for ex-servicemen in a category of posts shall be increased or decreased in any one recruitment year to the extent to which the total number of vacancies reserved for ex-servicemen, Scheduled Castes and Scheduled Tribes, (including the carried forward reservations for Scheduled Castes and Scheduled Tribes) and for any other categories taken together falls short or is in excess, as the case may be, of fifty percent of the vacancies in that category of posts filled in that year :

Provided further that in case of an increase in the reservation for the ex-servicemen under the preceding proviso, the additional vacancies so made available for them shall be utilised first for the appointment of disabled ex-servicemen and if any such vacancies still remain unfilled thereafter the same shall then be made available to other ex-servicemen.

(2) Out of the vacancies reserved for being filled by ex-servicemen, vacancies shall be reserved for candidates belonging to the Scheduled Castes and Scheduled Tribes in accordance with orders as are issued in this behalf by the Central Government from time to time :

Provided that if any ex-serviceman belonging to a Scheduled Caste or Scheduled tribe is selected, his selection shall be counted against the overall quota of reservations that shall be provided for the Scheduled Castes or Scheduled Tribes in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time.

5. Special provision regarding age limit.—For appointment to reserved vacancies every ex-serviceman who has put in not less than six months' continuous service in the Armed Forces of the Union shall be allowed to deduct the period of such service from his actual age and if the resultant age does not exceed the maximum age limit prescribed for the post/service for which he seeks appointment by more than three years, he shall be deemed to satisfy the condition regarding age limit.

6. (1) Special provision regarding educational qualifications.—For appointment to any reserved vacancy in the Class IV posts of Peon, Daftry, Jamadar and Record Sorter, every ex-serviceman, who has put in not less than three years' service in the Armed Forces of the Union shall be exempt from the prescribed educational qualifications.

EXPLANATION.—In computing for the purpose of this sub-rule, the period of service which a person has put in, in the Armed Forces of the Union, any period during which he served in a Civil Department of the Government of India shall be included.

(2) For appointment to any reserved vacancy in the Class IV posts other than those referred to in sub-rule (1), the appointing authority may at its discretion relax the minimum educational qualifications, if any, prescribed in respect of such posts in favour of ex-servicemen who are otherwise eligible for appointment to such posts.

7. Amendment of recruitment rules.—All rules regulating the recruitment of persons to Class III and Class IV posts and services under the Central Government shall be subject to the provisions of these rules and shall be construed accordingly.

[No. 13/24/73-Ests(C)]

J. S. AHLUWALIA, Under Secy.

Explanatory Memorandum to the Ex-Servicemen (Reservation of Vacancies in the Central Civil Services and Posts, Class III and IV) Rules, 1974.

Under the Ex-Servicemen (Reservation of Vacancies in the Central Civil Services and Posts, Class III and Class IV) Rules, 1971, as amended from time to time, the reservations for the ex-servicemen were available in the vacancies filled by direct recruitment in the Central Civil Services and Posts, Class III and Class IV. These rules ceased to be in force with effect from the 1st July, 1974. The underlying intention of these rules was to ensure rehabilitation of Ex-servicemen who are released at comparatively young age when they can be useful in civil life. It has, therefore, been decided to extend the period of reservations for a further period of five years with effect from 1st July, 1974 so as to provide for the appointment of ex-servicemen in the reserved vacancies arising from the 1st July, 1974. This will not adversely affect the rights of any person.

नई दिल्ली, 29 अक्तूबर, 1974

सा०का०नि० 1200.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (श्रेणी III और श्रेणी IV के पद) भर्ती नियम, 1967 में आगे और संशोधन करने के लिये निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1 (1) इन नियमों का नाम केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (श्रेणी III और श्रेणी IV के पद) भर्ती (संशोधन) नियम, 1974 है ।

(2) ये नियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से प्रवृत्त होंगे ।

2. केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (श्रेणी III और श्रेणी IV के पद) भर्ती नियम, 1967 की अनुसूची में,—

(1) क्रमांक 3 के सामने इन्स्पेक्टर के पद से सम्बन्धित कालम 6, 7, 9 और 10 की प्रविष्टियों के स्थान पर क्रमश. निम्नलिखित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित कर दी जायेंगी, अर्थात्:—

कालम 6 "लागू नहीं होता"

कालम 7 "लागू नहीं होता"

कालम 9 (क) 40 प्रतिशत पदोन्नति द्वारा, और ऐसा न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा ।

(ख) 60 प्रतिशत प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा ।

टिप्पणी—विशेष पुलिस स्थापना या केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो में सब-इन्स्पेक्टर के पदों पर प्रतिनियुक्ति पर कार्य कर रहे व्यक्ति (..) के सामने की प्रविष्टि में दर्शाये गये पदोन्नति कोटा में उन्नति के पात्र नहीं होंगे । तथापि, यदि प्रति-

नियुक्ति या स्थानान्तरण द्वारा नियुक्ति की पद्धति अपनायी गयी तो (क) के सामने की प्रविष्टि या (ख) के सामने की प्रविष्टि में दर्शाये गये कोटा के अधीन उन व्यक्तियों की नियुक्ति पर विचार किया जा सकता है ।

नोट 1—यदि किसी राज्य में इन्स्पेक्टर के पद का स्तर अराजपत्रित हो तो उस राज्य के पुलिस दल से प्रतिनियुक्ति या पदोन्नति पर आये हुये अधिकारी का एस० पी० ई० की शाखा में इन्स्पेक्टर के पद पर उस राज्य के ऐसे स्थान पर राजपत्रित स्तर होगा जहां राज्य के स्थानीय पुलिस दल के समान स्तर के अधिकारियों का स्तर राजपत्रित हो ।

नोट 2—राज्य पुलिस दल में जिन व्यक्तियों का स्तर राजपत्रित है, उन व्यक्तियों का स्तर विशेष पुलिस स्थापना या केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो में प्रतिनियुक्ति के दौरान, व्यक्तिगत रूप से राजपत्रित ही रहेगा ।"

कालम 10 "स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति—केन्द्रीय पुलिस दल या राज्य पुलिस दल में समान या बराबर के ग्रेडों में कार्य कर रहे व्यक्ति ।

या

केन्द्रीय पुलिस दल या राज्य पुलिस दल के वे सब-इन्स्पेक्टर जिन्होंने सब-इन्स्पेक्टर के पद पर 5 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो ।

या

केन्द्रीय सचिवालय सेवा के सहायक या रेलवे के इन्स्पेक्टर या केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क के इन्स्पेक्टर या प्रिवेन्टिव आफीसर, ग्रेड-1 या सीमा-शुल्क कार्यालयों के परीक्षक या आयकर इन्स्पेक्टर, अथवा केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के विभागों में समकक्ष ग्रेडों में नियमित रूप से कार्य कर रहे व्यक्ति जिन्हें सतर्कता या जांच कार्य का कम से कम 5 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव हो ।

(प्रतिनियुक्ति अवधि सामान्यतः 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी) ।

पदोन्नति—विशेष पुलिस स्थापना या केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो के सब-इन्स्पेक्टर जिन्होंने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो में 5 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो ।"

(2) कालम 6, 7, 9 और 10 में क्रमांक 4 के सामने सब-इन्स्पेक्टर के पद से सम्बन्धित प्रविष्टियों के स्थान पर क्रमशः निम्नलिखित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित कर दी जायेंगी, अर्थात् :—

कालम 6 "किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय का ग्रेजुएट"

कालम 7 "नहीं"

कालम 9 "(क) 80 प्रतिशत सीधी भर्ती से और ऐसा न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति या स्थानान्तरण से ।

(ख) 20 प्रतिशत पदोन्नति से और ऐसा न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति या स्थानान्तरण से ।

टिप्पणी—विशेष पुलिस स्थापना या केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो में असिस्टैन्ट सब-इन्स्पेक्टर के पद पर प्रतिनियुक्ति पर कार्य कर रहे व्यक्ति (ख) के सामने की प्रविष्टि में दर्शाये गये कोटा में पदोन्नति के पात्र नहीं होंगे । किन्तु ऐसे प्रतिनियुक्ति अधिकारियों पर, यदि वे अन्यथा उपयुक्त हों, प्रतिनियुक्ति या स्थानान्तरण द्वारा नियुक्ति पर विचार किया जा सकता है यदि भर्ती की ऐसी पद्धति अपनायी जाये ।"

कालम 10 "स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति—वे व्यक्ति जो केन्द्रीय पुलिस दल या राज्य पुलिस दल या केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार के विभागों में समान या बराबर के ग्रेडों में कार्य कर रहे हों, या वे असिस्टैन्ट सब-इन्स्पेक्टर जिन्होंने इस पद पर 3 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, या केन्द्रीय पुलिस दल या राज्य पुलिस दल के वे हैड-कान्स्टेबल जिन्होंने इस पद पर 6 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो ।

(प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी) ।

पदोन्नति—विशेष पुलिस स्थापना/केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो के वे असिस्टैन्ट सब-इन्स्पेक्टर जिन्होंने उस ग्रेड में 3 वर्ष की सेवा केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो में पूरी कर ली हो ।"

[सं० 213/6/70-एवीडी-2]

बी० सी० बनजानी, अवर सचिव

New Delhi, the 29th October, 1974

G.S.R. 1200.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Central Bureau of Investigation (Class III and Class IV posts) Recruitment Rules, 1967, namely :—

1. (1) These rules may be called the Central Bureau of Investigation (Class III and Class IV posts) Recruitment (Amendment) Rules, 1974.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Central Bureau of Investigation (Class III and Class IV posts) Recruitment Rules, 1967 :—

(i) for the entries in columns 6, 7, 9 and 10 pertaining to the post of Inspector against serial No. 3, the following entries shall respectively be substituted, namely :—

Column 6 "Not applicable"

Column 7 "Not applicable"

Column 9 "(a) 40% by promotion failing which by deputation/transfer.

(b) 60% by deputation/transfer.

N.B. Persons holding posts of Sub-Inspector in the Special Police Establishment or the Central Bureau of Investigation on deputation will not be eligible for promotion in the quota shown against the entry at (a). They may, however, be considered for appointment by deputation or transfer when such method is resorted to under the quota shown against the entry at (a) or against the entry at (b).

Note 1 : A promotee or a deputationist from the Police Force of any State where the Inspector holds a non-Gazetted status shall also have a Gazetted rank while holding the posts of an Inspector in the Special Police Establishment Branches at a particular station where the officers of the corresponding rank in the local State Police Force are Gazetted.

Note 2: Persons having Gazetted status in State Police Forces will continue to hold that Status as personal to them while on deputation to the Sepecial Police Establishment or the Central Bureau of Investigation."

Column 10. "Transfer/deputation.—Persons working in similar or equivalent Grade in the Central or State Police Forces.

OR

Sub-Inspectors in the Central or State Police Forces with five years of service as Sub-Inspector.

OR

Assistants in the Central Secretariat Service or Inspectors of Railways or Inspector of Central Excise and Customs or Preventive Officer, Grade I or Examiner in the Customs Houses or Income Tax Inspectors or persons working in the equivalent grade on regular basis under the Central Government or the State Governments departments with at least five years executive experience in vigilance or investigation work.

(The period of deputation ordinarily not exceeding three years).

Promotion

Sub-Inspectors in the Special Police Establishment or the Central Bureau of Investigation with five years of service in the grade in the Central Bureau of Investigation".

(ii) for the entries in column 6, 7, 9, 10 pertaining to the post of Sub-Inspector against Serial No. 4 the following entries shall respectively be substituted, namely :—

Column 6 "Graduate of a recognised University".

Column 7 "No."

Column 9 "(a) 80 per cent by direct recruitment failing which by deputation or transfer.

"(b) 20 per cent by promotion failing which by deputation or transfer.

N.B. Persons holding posts of Assistant Sub-Inspectors in the Special Police Establishment or the Central Bureau of Investigation on deputation will not be eligible for promotion in the quota shown against the entry at (b). Such deputationists may, however, be considered for appointment by deputation or transfer when such method of recruitment is resorted to, if they are otherwise suitable."

Column 10 Transfer/deputation

Persons working in similar or equivalent grades in the Central or State Police Forces or the Central or State Government departments or Assistant Sub-Inspectors with three years service in that rank or Head Constables with 6 years service in the that rank in the Central or State Police Forces.

(The period of deputation ordinarily not exceeding three years).

Promotion

Assistant Sub-Inspectors in the Special Police Establishment/Central Bureau of Investigation with 3 years of service in that grade in the Central Bureau of Investigation".

[No. 213/6/70—AVD. II]

B. C. VANJANI, Under Secy.

नई दिल्ली, 2 नवम्बर, 1974

सा० का० नि० 1201.—भारतीय प्रशासन सेवा (काडर) नियम, 1954 के नियम 4 के उपनियम (1) और उपनियम (2) के प्रथम परन्तुक के साथ पठित, अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, आन्ध्र प्रदेश सरकार से परामर्श करके, भारतीय प्रशासन सेवा (काडर संख्या का नियतन) विनियम, 1955 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन विनियमों का नाम भारतीय प्रशासन सेवा (काडर संख्या का नियतन) तेइसवां संशोधन विनियम 1974 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2 भारतीय प्रशासन सेवा (काडर संख्या का नियतन) विनियम, 1955 की अनुसूची में, 'आन्ध्र प्रदेश' शीर्ष के अधीन 1 राज्य सरकार के अधीन 'ज्येष्ठ पद' उपशीर्ष के नीचे,—

(i) उपायुक्त वाणिज्यिक कर और/या अपर/संयुक्त सचिव, राजस्व बोर्ड, प्रविष्टि के सामने, अंक '3' के स्थान पर अंक '2' रखा जाएगा ।

(ii) 'कृषि निदेशक' प्रविष्टि के पश्चात् 'निदेशक आसवनी और मद्यशाला .... 1' प्रविष्टि अन्तःस्थापित की जाएगी ।

[संख्या 10/25/74-ए० आई० एस०-2-क]

New Delhi, the 2nd November, 1974

G.S.R. 1201.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the All India Services Act, 1951 (61 of 1951), read with sub-rule (1), and the first proviso to sub-rule (2) of rule 4 of the Indian Administrative Service (Cadre) Rules, 1954, the Central Government, in consultation with the Government of Andhra Pradesh hereby makes the following regulations further to amend the Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Strength) Regulations, 1955, namely :—

1. (1) These regulations may be called the Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Strength) Twenty-third Amendment Regulations, 1974.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Indian Administrative Service (Fixation of Cadre Strength) Regulations, 1955, under the heading "ANDHRA PRADESH", under the sub-heading, 1. "Senior posts under the State Government",—

(i) for the figure "3" against the entry "Deputy Commissioner of Commercial Taxes and/or Additional/Joint Secretary, Board of Revenue", the figure "2" shall be substituted,

(ii) after the entry "Director of Agriculture" the entry "Director of Distilleries and Breweries.....1" shall be inserted.

[No. 10/25/74-AIS. II-A.]

सा०का०नि० 1202.—भारतीय प्रशासन सेवा (वेतन) नियम, 1954 के नियम II के साथ पठित, अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951 (1951 का 61) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, आन्ध्र प्रदेश सरकार से परामर्श कर के, भारतीय प्रशासन सेवा (वेतन) नियम, 1954 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम भारतीय प्रशासन सेवा (वेतन) उन्नीसवां संशोधन नियम, 1974 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. भारतीय प्रशासन सेवा (वेतन) नियम, 1954 मे, 'अनुसूची III–ख' में,—

राज्य सरकारों के अधीन भारतीय प्रशासन सेवा के ज्येष्ठ वेतन मान में वेतन वाले पद, जिनके अन्तर्गत कार्य वेतनमान मे के वेतन के अतिरिक्त, विशेष वेतन वाले पद भी हैं, सारणी मे, स्तम्भ 1 में 'आन्ध्र प्रदेश' प्रविष्टि के सामने, स्तम्भ 2 मे 'सचिव, आन्ध्र प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड' प्रविष्टि के पश्चात् 'निदेशक आसवनी और मद्य शाला' प्रविष्टि अन्तःस्थापित की जाएगी ।

[सं० 10/25/74-ए०आई०एस-2-ख]

एस० हबीबुल्लाह, अवर सचिव

G.S.R. 1202.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the All India Services Act, 1951 (61 of 1951), read with rule 11 of the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954, the Central Government, in consultation with the Government of Andhra Pradesh, hereby makes the following rules further to amend the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954, namely :—

1. (1) These rules may be called the Indian Administrative Service (Pay) Nineteenth Amendment Rules, 1974.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Indian Administrative Service (Pay) Rules, 1954, in "Schedule III-B-Posts carrying pay in the senior scale of the Indian Administrative Service under the State Governments including posts carrying special pays in addition to pay in the time scale", in the Table, against the entry "Andhra Pradesh" in column 1, the entry "Director of Distilleries and Breweries" shall be inserted in column 2 after the entry "Secretary, Andhra Pradesh State Electricity Board."

[No. 10/25/74-AIS(II)-B]

S. HABEEBULLAH, Under Secy.

नई दिल्ली, 2 नवम्बर, 1974

सा०का०नि० 1203.—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में पशु-चिकित्सा ड्रेसर के पद पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने के लिए एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त शीर्षक तथा प्रारंभ : (1) इन नियमों का नाम लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (पशु-चिकित्सा ड्रेसर) भर्ती नियम, 1974 है।

(2) ये सरकारी राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. पद की संख्या, उसका वर्गीकरण तथा वेतनमान : उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उससे संबंधित वेतनमान इन नियमों की संलग्न अनुसूची के कालम 2 से 4 तक में दिये गए अनुसार होगा।

3. भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं, आदि : उक्त पद में संबंधित भर्ती की पद्धति आयु सीमा, अर्हताएं तथा अन्य मामले उक्त अनुसूची के कालम 5 से 13 तक में दिये गये अनुसार होंगे।

4. अनर्हता : ऐसा कोई भी व्यक्ति—

(क) जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो या विवाह का समझौता किया हो जिसकी पत्नी/जिसका पति जीवित हो अथवा,

(ख) जिसने अपनी पत्नी/पति के जीवित रहते किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो या विवाह का करार किया हो। उक्त पद पर नियुक्त नहीं किया जा सकेगा।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार संतुष्ट हो कि ऐसे व्यक्ति पर और विवाह करने वाले दूसरे पक्ष पर लागू होने वाले व्यक्तिगत कानून के अन्तर्गत इस प्रकार के विवाह की अनुमति दी जा सकती हो और ऐसा करने के अन्य आधार भी हों तो वह किसी भी व्यक्ति को इस नियम के बंधन से छूट दे सकती है।

5. छूट देने की शक्ति : जहां केन्द्रीय सरकार का यह मत हो कि छूट देना आवश्यक या उचित है तो वह संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके लिखित कारणों के आधार पर आदेश द्वारा किसी भी श्रेणी या वर्ग से संबंधित व्यक्तियों को इन नियमों के किसी भी उपबन्ध से छूट दे सकती है।

6. व्यावृत्ति : इन नियमों की किसी भी बात द्वारा उन आरक्षणों तथा रियायतों पर कोई असर नहीं पड़ेगा जो केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर इस संबंध में जारी किये गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिम जातियों तथा अन्य वर्गों के व्यक्तियों को दिये जाने आवश्यक हैं।

अनुसूची

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मंसूरी के पद के भर्ती नियम पशु-चिकित्सा ड्रेसर के पद के लिए भर्ती नियम

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद या गैर चयन पद	सीधी भर्ती के लिये आयु-सीमा	सीधी भर्ती किए जाने वालों के लिए शैक्षिक और अन्य अपेक्षित अर्हताएं।
1	2	3	4	5	6	7
पशु चिकित्सा ड्रेसर	एक	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी 4 अराजपत्रित, अलिपिक वर्गीय	रु० 75-1-85-2-95	चयन पद	21 से 30 वर्ष के बीच	(1) हाई स्कूल स्टेन्डर्ड पास। (2) किसी हस्पताल अथवा किसी राज्य/केन्द्रीय सरकारी कार्यालय मे पशु चिकित्सा ड्रेसर के रूप मे तीन वर्ष का अनुभव।

क्या सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए निर्धारित आयु तथा शैक्षिक योग्यताएं पदोन्नति व्यक्तियों के संबंध में भी लागू होंगी।	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो	भर्ती पद्धति, सीधी भर्ती से अथवा पदोन्नति अथवा प्रतिनियुक्ति स्थानांतरण से तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत।	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण से भर्ती किए जाने पर वे ग्रेड जिनसे पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण किए जाने हैं।	यदि विभागीय पदोन्नति समिति विद्यमान है तो इसका गठन क्या है।	वे परिस्थितियां जिनमें भर्ती करने में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना है।
8	9	10	11	12	13
नहीं	दो वर्ष	पदोन्नति द्वारा इसके अभाव में प्रतिनियुक्ति स्थानांतरण द्वारा तथा इन दोनों के न होने पर सीधी भर्ती द्वारा।	(1) पदोन्नति : अकादमी में कार्यरत साइसों से जिन्हें पशु-चिकित्सा ड्रेसिंग का अनुभव हो। (2) स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति समान/समकक्ष ग्रेडों से।	जूनियर विभागीय पदोन्नति समिति	लागू नहीं होना।

[संख्या 32/ई/35/74-प्रशिक्षण]

हंसराज लोढ़ा, अवर सचिव

New Delhi, the 2nd November, 1974

G.S.R. 1203.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Veterinary Dresser in the Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration Mussoorie namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration (Veterinary Dresser) Recruitment Rules, 1974.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Number of the post, its classification and the scale of pay —The number of the said post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

3. Method of recruitment, age limit, qualification, etc.—The method of recruitment, age limit, qualification and other matters relating to the said post shall be as specified in columns 5 to 13 of the said Schedule.

4. Disqualification.—No person :—

(a) who has entered into or contracted, a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment for the said post.

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to Relax.—Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may by order, for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules in respect of any class or category of persons.

6. Saving.—Nothing in these rules shall effect reservations and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, and Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the order issued by the Central Government from time to time in this regard

SCHEDULE

Recruitment Rules for the posts in Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration, Mussoorie.
(Recruitment Rules for the posts of Veterinary Dresser)

Name of Post	No. of Posts	Classification	Scale of Pay	Whether Selection post or non-selection post	Age limit for direct recruitment	Educational and other qualification required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
Veterinary Dresser	One	General Central Service, Class IV Non-Gazetted Non-Ministerial.	Rs. 75-1-85-2-95	Selection post	Between 21 to 30 years.	(i) High School standard pass. (ii) Three years experience as Veterinary Dresser in a Hospital or in a State/Central Government Office.

Whether age and Educational qualifications prescribed for the direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation, if any	Method of recruitment : Whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/transfer and percentage if the vacancies to be filled by various methods	In the case of recruitment by promotion/transfer grades from promotion deputation/transfer to be made	If a DPC exists what is its composition	Circumstances in which UPSC is to be consulted in making recruitment
8	9	10	11	12	13
No.	2 years	By promotion failing which, by deputation/transfer and failing both, by direct recruitment.	(i) Promotion : from syces working in the Academy having knowledge of Veterinary Dressing. (ii) Transfer/Deputation from similar/equivalent grades.	Junior Departmental Promotion Committee.	Not applicable.

[No. 32/E/35/74-Trg.]
H. R. LODHA, Under Secy.

गृह मंत्रालय

भारत के महापंजीकार का कार्यालय

नई दिल्ली 7 अक्तूबर, 1974

सा० का० नि० 2204—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति जनगणना कार्य निदेशक और पदेन जनगणना कार्य अधीक्षक, कर्णाटक के कार्यालय में श्रेणी 3 और श्रेणी 4 के पदों की भर्ती विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाते हैं, अर्थात् :

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ—(1) इन नियमों का नाम जनगणना कार्य निदेशक और पदेन जनगणना कार्य अधीक्षक, कर्णाटक का कार्यालय (श्रेणी 3 और श्रेणी 4 के पद) भर्ती नियम, 1974 है।

(2) ये नियम शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2 **लागू होना**.—ये नियम संलग्न अनुसूची के कालम 1 में निर्दिष्ट पदों पर लागू होंगे।

3 **पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान**:—उक्त पदों की संख्या उनका वर्गीकरण और उनके वेतनमान वे होंगे जो संलग्न अनुसूची के कालम 2 से 4 तक में विनिर्दिष्ट है।

4 **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अर्हताएं आदि**—उक्त पदों की भर्ती पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उनसे सम्बन्धित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के कालम 5 से 13 तक में विनिर्दिष्ट हैं।

5 **निरर्हताएं**: वह व्यक्ति .—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह करना स्थिर किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह करना स्थिर किया है, सेवा में नियुक्ति का पात्र नहीं होगा, परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार को समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

6 **अपवाद** —इन नियमों की किसी बात का, इस सम्बन्ध में केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों और अन्य विशिष्ट वर्गों के व्यक्तियों के लिए अपेक्षित आरक्षणों और अन्य रियायतों पर, कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

7 **छूट देने की शक्ति**:—जहां केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह, उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लिपिबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबन्ध से किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों या पदों की बाबत, आदेश द्वारा छूट दे सकेगी।

अनुसूची

जनगणना कार्य निदेशक और पदेन जनगणना कार्य अधीक्षक कर्णाटक के कार्यालय में श्रेणी-III और श्रेणी V के पदों के लिये भर्ती नियम

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	प्रवरण पद है या अप्रवरण	सीधी भर्ती वालों के लिए आयु-सीमा	सीधी भर्ती वालों के लिए शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं
1	2	3	4	5	6	7
1. मुख्य सहायक	1	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी-III, अराजपत्रित, अनुसचिवीय	रु० 350-20-450-द०रो०-25-475	प्रवरण	35 वर्ष	**आवश्यक** : 1 किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकीय उपाधि। 2. किसी सरकारी कार्यालय या प्रसिद्ध वाणिज्य संस्थान में स्थापना, रोकड़ और लेखा सम्बन्धी विषयों का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव।
2 उच्च श्रेणी लिपिक	1	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी-III, अराजपत्रित, सचिवीय	रु० 130-5-160-8-200-द०रो०-8-256-द०रो०-8-280-10-300	अप्रवरण	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

क्या सीधी भर्ती वालों के लिए निर्धारित/ शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं पदोन्नति वाले मामलों में भी लागू होंगी ?	परिवीक्षा की अवधि	क्या भर्ती की पद्धति अर्थात् सीधी भर्ती या पदोन्नति या प्रतिनियुक्ति स्थानांतरण द्वारा भर्ती की जाएगी और विभिन्न पदनियों से भरी जाने वाली रिक्तियों का प्रतिशत	यदि पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण द्वारा भर्ती की जानी हो तो किन ग्रेडों से पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण किया जाना है	यदि कोई विभागीय पदोन्नति समिति मौजूद हो तो उसकी संरचना क्या है ?	वे परिस्थितियां जिनमें भर्ती के लिए संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाना है
8	9	10	11	12	13
			प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण :		
नही	2 वर्ष	स्थानांतरण पर प्रतिनियुक्ति द्वारा, ऐसा न हो सकने की स्थिति में सीधी भर्ती द्वारा।	केन्द्रीय/राज्य सरकार के वे उपयुक्त कर्मचारी जिनकी सेवा रु० 210-380 या इससे अधिक वेतनमान में 5 वर्ष हो चुकी हो और उन्हे बजट एवं लेखा कार्य का अनुभव हो और कार्यालय पद्धति तथा नियमो की जानकारी हो। (प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणत. 3 वर्ष से अधिक नही होगी)।	श्रेणी-III, विभागीय पदोन्नति समिति।	लागू नही होता
			पदोन्नति :		
लागू नहीं होता	2 वर्ष	पदोन्नति द्वारा, और ऐसा न हो सकने की स्थिति मे प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण।	रु० 110-3-131-4-155-द० रो०-4-175-5-180 के ग्रेड में 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले अवर श्रेणी लिपिकों में से वरिष्ठता और उपयुक्तता के आधार पर 80 प्रतिशत। रु० 110-3-131-4-155-व० रो०-4-175 5-180 के ग्रेड में दो वर्ष की सेवा वाले अवर श्रेणी लिपिकों मे से सीमित प्रतियोगिता के आधार पर 20 प्रतिशत। **प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण :** केन्द्रीय/राज्य सरकार के ऐसे उपयुक्त अवर श्रेणी लिपिक जिनकी न्यूनतम सेवा उस ग्रेड में तीन वर्ष की हो। (प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतः 3 वर्ष होगी)।	श्रेणी-III, विभागीय पदोन्नति समिति।	लागू नहीं होता

1	2	3	4	5	6	7
						आवश्यक :
3. अवर श्रेणी लिपिक	2	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी-III, अराजपत्रित, सचिवीय	रु० 110-3-131-4-155-द०रो०-4-175-5-180	लागू नहीं होता	25 वर्ष	1. मैट्रिकुलेशन या समकक्ष परीक्षा। 2. न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट टंकण की गति, और यह भी व्यवस्था की जाती है कि : (क) टंकण की उपर्युक्त योग्यता न रखने वाले को इस शर्त पर नियुक्त किया जा सकता है कि जब तक वह टंकण में न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट की गति प्राप्त नहीं कर लेगा, वह वेतन वृद्धियां पाने या स्थायीकरण का पात्र नहीं होगा। (ख) ऐसा कोई विकलांग व्यक्ति, जो अन्यथा लिपिक पद पर नियुक्ति के लिए पात्र हो, परन्तु टंकण की उपर्युक्त योग्यता न रखता हो, उसे इस शर्त पर नियुक्त किया जा सकता है कि विकलांगों के विशेष रोजगार कार्यालय से सम्बद्ध मेडिकल बोर्ड यह प्रमाणित कर दे कि उक्त विकलांग टंकण कर सकने की स्थिति में नहीं है—(अन्य बातें समान होने पर जनगणना कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी)
						आवश्यक :
4. आशुलिपिक	1	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी-III, अराजपत्रित, सचिवीय	रु० 210-10-290-15-320-द०रो०-15-425	प्रवरण	25 वर्ष	1. मैट्रिकुलेशन या समकक्ष परीक्षा। 2. अंग्रेजी टंकण में 40 शब्द प्रति-मिनट की गति और अंग्रेजी आशु-लेखन में न्यूनतम 120 शब्द प्रति मिनट की गति होनी चाहिए।
						वांछनीय : किसी सरकारी कार्यालय या प्रसिद्ध व्यापारिक संस्थान में आशुलिपिक के रूप में न्यूनतम 2 वर्ष कार्य करने का अनुभव।

8	9	10	11	12	13
लागू नहीं होता	2 वर्ष	सीधी भर्ती द्वारा. टिप्पणी : 10 प्रतिशत रिक्तियां निम्नलिखित शर्तों पर (जनगणना कार्य निदेशक और पदेन जनगणना कार्य अधीक्षक के कार्यालय के नियमित कर्मचारी स्थापना में सम्मिलित) श्रेणी-IV के कर्मचारियों में से भर्ती के लिए आरक्षित की जाएगी.— (क) न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता अर्थात् मैट्रिकुलेशन या इसके समकक्ष योग्यता की शर्त पूरी करने वाले श्रेणी-IV के कर्मचारियों के लिए सीमित विभागीय परीक्षा के माध्यम से चयन किया जाएगा। (ख) इस परीक्षा के लिए अधिकतम आयु-सीमा 45 वर्ष (अनुसूचित जातियों/आदिम जनजातियों के लिए 50 वर्ष) होगी। (ग) श्रेणी-IV में न्यूनतम 5 वर्ष की सेवा अनिवार्य शर्त होगी। अवर श्रेणी लिपिकों के संवर्ग में किसी एक वर्ष में होने वाली रिक्तियों में से अधिकतम 10 प्रतिशत रिक्तियां इस पद्धति से भरी जाएंगी, और भरी न गई रिक्तियों को आगे नहीं ले जाया जाएगा।	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता
आयु : नहीं शैक्षणिक योग्यताएं : हां	2 वर्ष	पदोन्नति द्वारा, ऐसा न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण, और ये दोनों ही न हो सकने की स्थिति में सीधी भर्ती द्वारा।	पदोन्नति : रु० 130—300 के ग्रेड में 3 वर्ष की सेवा वाले आशुलिपिक जिनके पास कालम 7 में निर्धारित योग्यताएं हों। प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण : केन्द्रीय/राज्य सरकार के कार्यालयों में समान पदों पर काम करने वाले आशुलिपिक। (प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतः 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी)	श्रेणी-III विभागीय पदोन्नति समिति।	लागू नहीं होता

1	2	3	4	5	6	7
5. कनिष्ठ आशुलिपिक	2	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी-III, अराज-पत्रित, सचिवीय	रु० 130-5-160-8-200-द०रो०-8-250-द०रो०-8-280-10-300	लागू नही होता	25 वर्ष	आवश्यक : 1. मैट्रिकुलेशन या समकक्ष परीक्षा। 2. अंग्रेजी टंकण में 40 शब्द प्रति मिनट की गति और अंग्रेजी आशुलेखन में 100 शब्द प्रति मिनट की गति होनी चाहिए। वांछनीय : किसी सरकारी कार्यालय या प्रसिद्ध व्यापारिक संस्थान में आशुलिपिक/आशुटंकण के रूप में न्यूनतम 1 वर्ष कार्य करने का अनुभव।
6. स्टाफ कार ड्राइवर	1	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी-III, अराज-पत्रित, अनुसचिवीय	रु० 110-3-131-1-139	लागू नहीं होता	23–30 वर्ष	आवश्यक : 1. अंग्रेजी और हिन्दी का कार्य साधक ज्ञान। 2. ड्राइविंग का व्यावसायिक ज्ञान, मोटर यांत्रिकी की जानकारी, सामान्य रूप से चुस्त व्यक्तित्व, कार और भारी गाड़ियां चलाने का लाइसेंस और ड्राइविंग का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव। वांछनीय : किसी मान्यता प्राप्त स्कूल से मिडिल स्कूल के स्तर की परीक्षा पास।
7. दफ्तरी	2	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी-IV, अराजपत्रित	रु० 75-1-85-द०रो०-2-95	अप्रवरण	लागू नहीं होता	लागू नही होता

8	9	10	11	12	13
			प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण		
लागू नहीं होता	2 वर्ष	3 वर्ष की सेवा वाले ऐसे अवर श्रेणी लिपिकों में से, जिनके पास कालम 7 में निर्धारित योग्यताएं हों, आशुलेखन और टंकण की परीक्षा के माध्यम से चयन द्वारा, और ऐसा न हो सकने की स्थिति में सीधी भर्ती द्वारा।	केन्द्रीय/राज्य सरकारों के कार्यालयों में समान पदों पर कार्य करने वाले उपयुक्त आशुलिपिक। (प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतः 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी)	लागू नही होता	लागू नहीं होता
लागू नहीं होता	2 वर्ष	स्थानांतरण द्वारा, ऐसा न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा और ये दोनों न हो सकने की स्थिति में प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण द्वारा।	स्थानांतरण : कालम 7 मे निर्धारित योग्यताओं वाले (इस कार्यालय के) नियमित श्रेणी-IV कर्मचारियों में से ड्राइविंग आदि की परीक्षा द्वारा। प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण : केन्द्रीय/राज्य सरकार के कार्यालयों में समान/समकक्ष पदो पर काम करने वाले व्यक्ति। (प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतः 3 वर्ष से अधिक नही होगी)	लागू नही होता	लागू नही होता
लागू नहीं होता	2 वर्ष	पदोन्नति द्वारा	पदोन्नति : रु० 70-1-80-द० रो०-1-85 के ग्रेड में 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले चपरासी।	श्रेणी-IV विभागीय पदोन्नति समिति।	लागू नहीं होता

1	2	3	4	5	6	7
8 चपरासी	10	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी-IV, अराजपत्रित	रु० 70-1-80-द०रो०-1-85	लागू नहीं होता	25 वर्ष	आवश्यक : किसी मान्यता प्राप्त स्कूल से मिडिल स्कूल स्तर की परीक्षा पास ।
9. चौकीदार	6	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी IV, अराजपत्रित	रु०70-1-80-द०रो०-1-85	लागू नहीं होता	25 वर्ष	वांछनीय : किसी मान्यता प्राप्त स्कूल से प्राथमिक स्कूल के स्तर की परीक्षा पास ।
10. सारणी-करण अधिकारी/वरिष्ठ तकनीकी सहायक	10	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी –III अराजपत्रित अनुसचिवीय	रु० 350-20-450-द०रो०-25-275	प्रवरण	25 वर्ष	आवश्यक : किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से गणित/सांख्यिकी/अर्थशास्त्र (सांख्यिकी सहित) में स्नातकोत्तर या उसके समकक्ष आनर्स की उपाधि । या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से गणित/सांख्यिकी/अर्थशास्त्र (सांख्यिकी सहित) के विषय के साथ स्नातकीय उपाधि और किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में दो वर्ष का सांख्यिकी विषय में स्नातकोत्तर प्रशिक्षण । वांछनीय : सारणीकरण के कार्य का 3 वर्ष का अनुभव ।
11. सांख्यिकी सहायक	35	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी–III, अराजपत्रित अनुसचिवीय	रु० 210-10-290-15-320-द०रो०-15-425	प्रवरण	25 वर्ष	आवश्यक : किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सांख्यिकी/गणित/अर्थशास्त्र (सांख्यिकी सहित) में स्नातकोत्तर उपाधि या इसके समकक्ष आनर्स की उपाधि । या गणित/सांख्यिकी/अर्थशास्त्र (सांख्यिकी सहित) विषय के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातकीय उपाधि और किसी मान्यताप्राप्त संस्थान में सांख्यिकी विषय का दो वर्ष का स्नातकोत्तर प्रशिक्षण ।
12 कम्प्यूटर	40	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी–III, अराजपत्रित अनुसचिवीय	रु०150-5-160-8-240-द०रो०-8-280-10-300	अप्रवरण	25 वर्ष	आवश्यक : गणित या अर्थशास्त्र या सांख्यिकी विषय के साथ मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातकीय उपाधि । वांछनीय : किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर का प्रमाणपत्र । या सांख्यिकी आंकड़े इकट्ठे करने और कैलकुलेटिंग मशीनों को प्रयोग करने का एक वर्ष का अनुभव ।

8	9	10	11	12	13
लागू नही होता	2 वर्ष	सीधी भर्ती द्वारा	लागू नही होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता
लागू नहीं होता	2 वर्ष	सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता
आयु—नहीं शैक्षणिक योग्यता—कालम 7 में अथ-निर्दिष्ट सीमा तक	2 वर्ष	पदोन्नति द्वारा, ऐसा न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा या सीधी भर्ती द्वारा	रु० 210-10-290-15-320-द०रो०-15-425 के ग्रेड में 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले ऐसे सांख्यिकी सहायक/ कनिष्ठ अन्वेषक जिनके पास किसी मान्यताप्राप्त विश्व-विद्यालय की न्यूनतम स्नातकीय उपाधि हो । प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण : केन्द्रीय/राज्य सरकार के ऐसे उप-युक्त कर्मचारी जिनके पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की न्यूनतम स्नातकीय उपाधि हो और पर्य-वेक्षक की स्थिति में सांख्यिकी कार्य का 3 वर्ष का अनुभव हो । (प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणत: 3 वर्ष से अधिक नही होगी)	श्रेणी–III विभागीय पदोन्नति समिति	लागू नही होता
नहीं	2 वर्ष	(i) पदोन्नति–50 प्रतिशत (ii) 50 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा और ऐसा न हो सकने पर प्रति-नियुक्ति पर स्थानान्तरण द्वारा।	पदोन्नति : रु० 150-5-160-8-240-द०रो०-8-280-10-300 के ग्रेड में 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले कम्प्यूटर । प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण : केन्द्रीय/राज्य सरकार के ऐसे उप-युक्त कर्मचारी जिनके पास सीधी भर्ती वालों के लिए निर्धारित योग्यताएं एवं अनुभव हो । (प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणत: 3 वर्ष से अधिक नही होगी)	श्रेणी–III, विभागीय पदोन्नति समिति	लागू नही होता
नही	2 वर्ष	पदोन्नति—50 प्रतिशत स्थानान्तरण—25 प्रतिशत सीधी भर्ती—25 प्रतिशत	पदोन्नति : रु० 110-3-131-4-155-द०रो०-4-175-5-180 के ग्रेड में 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले सहायक संकलन कर्त्ता । स्थानान्तरण : रु० 130-5-160-8-200-द०रो०-8-256-द०रो०-8-280-8-300 के ग्रेड में 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले उच्च श्रेणी लिपिक ।	श्रेणी–III, विभागीय पदोन्नति समिति	लागू नही होता

1	2	3	4	5	6	7
13. सहायक संकलनकर्ता	129	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी-III, अराजपत्रित, अनुसचिवीय	रु० 110-3-131-4-155-द० रो०-4-175-5-180	लागू नहीं होता	21 वर्ष	आवश्यक 1. मैट्रिकुलेशन या समकक्ष परीक्षा पास। 2 कैलकुलेटिंग मशीनों के प्रयोग में दक्षता। या यान्त्रिक सारिणीकरण के उपकरण वाले किसी कार्यालय या फर्म में कोडिंग और पंचिंग का अनुभव।
14 मुद्रण निरीक्षक	1	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी-III, अराजपत्रित अनुसचिवीय	रु० 210-10-290-15-320-द० रो०-15-425	प्रवरण	25 वर्ष	आवश्यक 1. किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातकीय उपाधि या इसके समकक्ष। 2 किसी सरकारी विभाग/मुद्रणालय/संस्थान में मुद्रण कार्य सहित प्रूफ रीडिंग और यान्त्रिक चिन्हों का 3 वर्ष का अनुभव, यदि सारिणी कार्य का हो तो अधिक उत्तम होगा।
15. कनिष्ठ ड्राफ्ट्समैन	6	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी-III, अराजपत्रित, अनुसचिवीय	रु० 110-3-131-4-155-द० रो०-4-175-5-180	लागू नहीं होता	25 वर्ष	आवश्यक 1 मैट्रिकुलेशन या समकक्ष परीक्षा पास। 2. नक्शों, चार्टों और पुस्तकों के आवरण पृष्ठ बनाने के कुछ ज्ञान के साथ किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कला या ड्राफ्ट्समैनशिप में डिप्लोमा।
16. प्रूफ रीडर	4	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी-III, अराजपत्रित, अनुसचिवीय	रु० 150-5-175-6-205-द० रो०-7-240	लागू नहीं होता	25 वर्ष	आवश्यक 1 मैट्रिकुलेशन या इसके समकक्ष परीक्षा पास। 2 किसी सरकारी कार्यालय/मुद्रणालय या प्रसिद्ध निजी मुद्रणालय में प्रूफ ठीक करने का दो वर्ष का अनुभव।
17. ड्राफ्ट्समैन	2	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी-III, अराजपत्रित, अनुसचिवीय	रु० 150-5-175-6-205-द० रो०-7-240	लागू नहीं होता	25 वर्ष	आवश्यक 1. मैट्रिकुलेशन या इसके समकक्ष परीक्षा पास। 2. किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से व्यावसायिक या ललितकला या ड्राफ्ट्समैनशिप में डिप्लोमा और नक्शे, चार्ट तथा पुस्तकों के आवरण पृष्ठ तैयार करने का कुछ ज्ञान। वांछनीय : ड्राफ्ट्समैन और आर्टिस्ट के रूप में न्यूनतम 1 वर्ष का अनुभव।

8	9	10	11	12	13
13 लागू नहीं होता	2 वर्ष	सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता	लागू नही होता	लागू नहीं होता
			पदोन्नति :		
14 नहीं	2 वर्ष	पदोन्नति द्वारा, ऐसा न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण और ये दोनों ही न हो सकने की स्थिति में सीधी भर्ती द्वारा।	रु० 150-5-175-6-205-ब० रो०-7-240 के ग्रेड में 3 वर्ष की नियमित सेवा वाले प्रूफ रीडर।	श्रेणी-III, विभागीय पदोन्नति समिति	लागू नहीं होता
			प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण केन्द्रीय/राज्य सरकार के मुद्रणालयों के उपयुक्त प्रूफ रीडर।		
			(प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणत: 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी)		
15 लागू नहीं होता	2 वर्ष	सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं होता	लागू नही होता	लागू नहीं होता
			प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण		
सा० का० नि० 1213.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, खाद्य और कृषि मंत्रालय (खाद्य विभाग) (संचलन निरीक्षक) भर्ती नियम, 1963 में संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. इन नियमों का नाम खाद्य और कृषि मंत्रालय (खाद्य विभाग) (संचलन निरीक्षक) भर्ती (संशोधन) नियम, 1974 है।

2. खाद्य और कृषि मंत्रालय (खाद्य विभाग) (संचलन निरीक्षक), भर्ती नियम, 1963 में, नियम 5 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखे जाएंगे, अर्थात् :—

"5. निरर्हताएं :—वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

6. शिथिल करने की शक्ति : जहां केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां, वह, उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखाबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को, किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा, शिथिल कर सकेगी।

7. व्यावृत्ति : इन नियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका, केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।"

[सं० 39(11)/61-ई० 2]

New Delhi, the 2nd November, 1974

G.S.R. 1213.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules to amend the Ministry of Food and Agriculture (Department of Food) (Movement Inspectors) Recruitment Rules, 1963, namely :—

1. These Rules may be called the Ministry of Food and Agriculture (Department of Food) (Movement Inspectors) Recruitment (Amendment) Rules, 1974.

2. In the Ministry of Food and Agriculture (Department of Food) (Movement Inspectors), Recruitment Rules, 1963, for rule 5, the following rules shall be substituted, namely :—

"5. Disqualification :—No person—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

6. Power to relax :—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

7. Saving :—Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for candidates belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other special categories in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time, in this regard."

[No. 39(11)/61-E. II]

सा० का० नि० 1214.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, खाद्य और कृषि मंत्रालय (खाद्य विभाग) वर्ग 3 पद भर्ती नियम, 1965 में संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं।

1. (1) इन नियमों का नाम खाद्य और कृषि मंत्रालय (खाद्य विभाग) वर्ग 3 पद भर्ती (संशोधन) नियम, 1974 है।

(2) ये राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. खाद्य और कृषि मंत्रालय (खाद्य विभाग) वर्ग 3 पद भर्ती नियम, 1965 में—

(1) नियम 5 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखे जाएंगे, अर्थात् :—

"5. निरर्हताएं : वह व्यक्ति—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है;

उक्त पदों पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा;

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

6. शिथिल करने की शक्ति : जहां केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां, वह, उसके लिए जो कारण है उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबन्ध को, किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

7. व्यावृत्ति : इन नियमों की कोई भी बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका, केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष प्रवर्ग के अभ्यर्थियों के लिए उपबन्ध करना अपेक्षित है।"

(2) अनुसूची में, मद 1 के सामने—

(क) स्तम्भ 1 में, (ए० पी० ओ० पक्ष) कोष्ठकों, अक्षरों और शब्दों का लोप कर दिया जाएगा;

(ख) स्तम्भ 7 में की प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी, अर्थात् :—

"किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड की विज्ञान में मैट्रिकुलेशन या समतुल्य परीक्षा,

या

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड की मैट्रिकुलेशन या समतुल्य परीक्षा और साथ ही प्रयोगशाला कार्य में 2 वर्ष का अनुभव"

[सं० 39-20(4)/63-ई० 2]

आर० आर० भाटिया, अवर सचिव

G.S.R. 1214.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rule to amend the Ministry of Food and Agriculture (Department of Food), Class III posts Recruitment Rules, 1965.

1. (1) These rules may be called the Ministry of Food & Agriculture (Department of Food) Class III posts Recruitment (Amendment) Rules, 1974.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Ministry of Food & Agriculture (Department of Food) Class III posts Recruitment Rules, 1965 :—

(i) for rule 5, following rules shall be substituted namely :—

"5. Disqualification :—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said posts :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

6. Power to relax :—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

7. Saving :—Nothing in these rules shall effect reservations and other concessions required to be provided for candidates belonging to the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and other special categories in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time, in this regard."

(ii) in the Schedule, against item 1—

(a) in column 1, the brackets, letters and word '(A.P.O. side)' shall be omitted ;

(b) in column 7, for the entry, the following entry shall be substituted, namely :—

"Matriculation in Science or equivalent Examination of a recognised University or Board.

OR

Matriculation or equivalent examination of a recognised University or Board with 2 years experience in Laboratory Work"

[No. 39-20(4)/63-E. II]

R. R BHATIA, Under Secy.

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, 1 नवम्बर, 1974

सा०का०नि० 1215—संविधान के अनुच्छेद, 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति, एतद्द्वारा अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह शिक्षा विभाग (श्रेणी-II राजपत्रित पद) भर्ती नियम, 1966 में संशोधन करने के लिए निम्नलिखित और नियम बनाते हैं; अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों को अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह शिक्षा विभाग (श्रेणी-II) राजपत्रित पद) भर्ती (संशोधन) नियम, 1974 कहा जाएगा।

(2) ये नियम, सरकारी राजपत्र में इनके प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

2 अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह शिक्षा विभाग (श्रेणी-II राजपत्रित पद) भर्ती नियम, 1966 की अनुसूची में, 'प्रिंसिपल, राजकीय उच्चतर माध्यमिक बहुप्रयोजन बाल स्कूल, पोर्ट ब्लेयर,' 'प्रिंसिपल राजकीय उच्चतर माध्यमिक (बाल तथा बालिका) कार निकोबार' प्रिंसिपल राजकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल (बालिकाएं), पोर्ट ब्लेयर' के पदों तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों को निकाल दिया जाए।

[फा० 7-2/69-यू टी आई]

MINISTRY OF EDUCATION AND SOCIAL WELFARE

New Delhi, the 1st November, 1974

G.S.R. 1215.—In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Andaman and Nicobar Islands Education Department (Class II Gazetted Posts) Recruitment Rules, 1966, namely :—

1. (1) These rules may be called the Andaman and Nicobar Islands Education Department (Class II Gazetted posts) Recruitment (Amendment) Rules, 1974.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Andaman and Nicobar Islands Education Department (Class II Gazetted Posts) Recruitment Rules, 1966, the posts of 'Principal, Government Higher Secondary Multipurpose School for Boys, Port Blair', 'Principal, Government Higher Secondary School (Boys & Girls), Car Nicobar', 'Principal, Government Higher Secondary School (Girls), Port Blair' and the entries relating thereto shall be omitted.

[F. 7-2/69-UTI]

नई दिल्ली, 1 नवम्बर, 1974

सा० का० नि० 1216O—संविधान के अनुच्छेद 309, के परन्तुक द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति, एतद्द्वारा अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के शिक्षा विभाग मे कुछ पदों के लिए भर्ती प्रणाली का विनियमन करने हेतु निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1 (1) संक्षिप्त शीर्षक तथा प्रारंभ : इन नियमों को अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह, शिक्षा विभाग (प्रिंसिपल, राजकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल तथा प्रिंसिपल, अध्यापक प्रशिक्षण स्कूल) भर्ती नियम, 1974 कहा जाए।

(2) ये नियम, सरकारी राजपत्र मे इनके प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

2 संख्या, वर्गीकरण तथा वेतनमान . उक्त पदो की संख्या, उनका वर्गीकरण तथा वेतनमान संलग्न अनुसूची के कालम 2 से 4 तक में निर्दिष्ट होंगे।

3 भर्ती की प्रणाली आयु सीमा तथा योग्यताएं इत्यादि : उक्त पदो के लिए भर्ती की प्रणाली, आयु सीमा, योग्यताए तथा उनसे सम्बन्धित अन्य विषय उपरोक्त अनुसूची के कालम 5 से 13 तक मे निर्दिष्ट के अनुसार होंगे।

4 योग्यता : कोई भी ऐसा व्यक्ति :—

(क) जो ऐसे व्यक्ति से विवाह का अनुबन्ध अथवा विवाह करता है जिसकी पत्नी अथवा पति जीवित हों; अथवा

(ख) जो पति/पत्नी रहते हुए किसी दूसरे व्यक्ति से विवाह का अनुबन्ध अथवा विवाह करता है उपरोक्त किसी भी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नही होगा।

बशर्ते कि यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से संतुष्ट हो कि उस व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू वैयक्तिक कानून के अधीन ऐसा विवाह अनुज्ञय है तथा ऐसा करने के कुछ अन्य आधार भी हैं, किसी को इस नियम से छूट दे सकती है।

5 छूट देने का अधिकार जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय हो कि ऐसा करना आवश्यक अथवा उचित है, तो वह लिखित रूप में कारणों को बताते हुए, और संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से व्यक्तियों को किसी श्रेणी अथवा वर्ग के बारे में आदेश द्वारा किसी भी उपबन्ध में छूट दे सकती है।

6 शर्तें इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियो, अनुसूचित जनजातियों तथा व्यक्तियों के अन्य विशेष वर्गों को दी जाने वाली अपेक्षित रियायतो तथा आरक्षणों पर इन नियमों का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

अनुबन्ध

अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के उच्चतर माध्यमिक स्कूलों/अध्यापक प्रशिक्षण स्कूलों के प्रिंसिपल के पदों के लिए भर्ती नियम

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	प्रवरण पद है या गैर-प्रवरण	सीधी भर्ती के लिए आयु	सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य योग्यताएं
1	2	3	4	5	6	7
प्रिंसिपल राजकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल और प्रिंसिपल अध्यापक प्रशिक्षण स्कूल	12	सामान्य केन्द्रीय सेवा, श्रेणी-1 राजपत्रित	700-40-980-द०-रो०-40-1100 रु०	प्रवरण पद	45 वर्ष से अधिक नहीं (सरकारी कर्मचारियों के लिए छूट)	अनिवार्य : 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी में मास्टर्स डिग्री अथवा उसके समकक्ष। 2. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अध्यापक अथवा शिक्षा में डिग्री अथवा उसके समकक्ष। 3. किसी मान्यता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक स्कूल अथवा इण्टर-मीडिएट कालेज का प्रशासनिक प्रभारी का 5 वर्ष का अनुभव (दो वर्षीय अध्यापन अनुभव सहित)। अन्य प्रकार से योग्य उम्मीदवारों के मामले में संघ लोक सेवा आयोग के विवेक पर अर्हताओं में छूट दी जा सकती है। वांछनीय : 1. डाक्ट्रेट की डिग्री। 2. हिन्दी तथा किसी क्षेत्रीय भाषा, अर्थात् बंगला, तमिल, मलयालम, तेलगु आदि का ज्ञान।

क्या सीधी भर्ती के लिए निर्धारित आयु तथा शैक्षिक योग्यताएं पदोन्नति पाने वालों के मामलों में भी लागू होंगी।	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो।	सीधी भर्ती से या पदोन्नति से या प्रतिनियुक्ति/तबादले द्वारा भर्ती की किस प्रणाली से और विभिन्न प्रणालियों द्वारा भरे गए पदों की प्रतिशतता।	पदोन्नति या प्रतिनियुक्ति या तबादले द्वारा भर्ती करने की स्थिति में ग्रेड जिनसे पदोन्नति या प्रतिनियुक्ति या तबादला हो।	यदि विभागीय पदोन्नति समिति है तो उसकी संरचना क्या है।	परिस्थितियां जिनके अन्तर्गत भर्ती करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श लिया जाना है।
8	9	10	11	12	13
नहीं	2 वर्ष	50% पदोन्नति द्वारा ऐसा न होने पर प्रतिनियुक्ति पर तबादले द्वारा और दोनों प्रकार से असमर्थ रहने पर सीधी भर्ती द्वारा।	पदोन्नति : 1. सीनियर अध्यापक 2. प्रधानाध्यापक, अध्यापक प्रशिक्षण स्कूल, अपने अपने ग्रेडों में दस वर्ष की सेवा सहित। प्रतिनियुक्ति पर तबादला : केन्द्रीय सरकार अथवा (संघ शासित क्षेत्र सहित) राज्य सरकार के अधीन समरूप पदों पर कार्य करने वाले उपयुक्त अधिकारी। (प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया 3 वर्षों से अधिक नहीं होगी)।	श्रेणी-1 विभागीय पदोन्नति समिति	संघ लोक सेवा आयोग विनियम, 1958 के अधीन परामर्श से छूट जैसा अपेक्षित हो।

टिप्पणी : केवल लड़कियों वाले उच्चतर माध्यमिक स्कूल के प्रिंसिपल पद के लिए महिलाएं ही पात्र होंगी।

[सं० 7-2/69-यू०टी० 1]

श्रीमती शारदा राव, उप शिक्षा सलाहकार

G.S.R. 1216.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Contitution, the President hereby makes the following Rules regulating the method of recruitment to certain posts in the Education Department of the Andaman and Nicobar Islands, namely :—

1. (1) Short title and commencement: These rules may be called the Andaman and Nicobar Islands Education Department (Principal, Government Higher Secondary School and Principal, Teachers Training School) recruitment rules, 1974

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

2. Number, classification and scale of pay : The number of the said posts, classification and the scale of pay attached thereto shall be specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed hereto.

3. Method of recruitment, age limit and qualifications etc. The method of recruitment to the said posts, age limit, qualifications and other matters connected therewith shall be as specified in columns 5 to 13 of the Schedule afore said.

4. Disqualification : No person—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to any of the said post.

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. Power to relax :—Where the central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. Saving :—Nothing in these rules shall effect reservations and other concessions required to be provided for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHDEULE

Recruitment rules of Principal of Higher Secondary Schools/Teachers training school Andaman and Nicobar administration.

Name of post	No. of Posts	Classification	Scale of pay	Whether Selection Post or non-Selection Post	Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
Principal Government Higher Secondary School and Principal Teacher's Training School	12	General Central Service Class I Gazetted	Rs. 700-40-980-EB-40-1100.	Selection	Not exceeding 45 years (Relaxable for Government servants).	Essential : (i) Second Class Master's degree of a recognised University or equivalent. (ii) Degree in Teaching or Education from a recognised University or equivalent. (iii) 5 years experience in administrative charge of a recognised Higher Secondary School or Intermediate College (including two years teaching experience. (Qualifications relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission). Desirable : (i) A Doctorate Degree. (ii) Knowledge of Hindi and/any regional languages, that is to say, Bengali, Tamil, Malayam, Telugu, etc.

Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of Promotees	Period of probation, if any	Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation or transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion or deputation or transfer, grades from which promotion or deputation or transfer to be made	If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition	Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment
8	9	10	11	12	13
No.	2 years	By promotion failing which by transfer on deputation and failing both by direct recruitment 50%. By direct recruitment 50%.	Promotion : (i) Senior Teachers. (ii) Headmaster, Teacher's Training School. with 10 years service in the respective grade. Transfer on deputation : Suitable officers holding analogous posts under the Central Government or a State (including Union Territories). (Period of deputation—ordinarily not exceeding 3 years).	Class I Departmental Promotion Committee	As required under the Union Public Service Commission (Exemption from Consultation) Regulations, 1958.

Note : Ladies will be eligible for the post of Principal of a Higher Secondary School exclusively meant for girls.

[No. 7-2/69 UTI]

Smt. S. Rao, Deputy Educational Adviser

समाज कल्याण विभाग

नई दिल्ली, 14 अक्तूबर, 1974

सा० का० नि० 1217:—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए समाज कल्याण विभाग में कुछ श्रेणी 1, श्रेणी 2, और श्रेणी 3 पदों पर भर्ती की पद्धति को विनियमित करने वाले निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा बनाते हैं, अर्थात् –

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ:–(1) इन नियमों का नाम समाज कल्याण विभाग (श्रेणी 1, श्रेणी 2 तथा श्रेणी 3 पद) भर्ती नियम, 1974 होगा।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

2. लागू होना :— ये नियम संलग्न अनुसूची के स्तम्भ 1 में उल्लिखित पदों पर लागू होंगे।

3. पद संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान :— पदों की संख्या उनका वर्गीकरण और उनका वेतनमान वे होंगे जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 2 से 4 में विनिर्दिष्ट हैं।

4. भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं, इत्यादि :— उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं तथा उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से 13 तक में विनिर्दिष्ट हैं।

5. निरर्हताएं :–वह व्यक्ति–

(क) जिस ने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है ;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का समाधान हो जाए कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वकीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के अन्य आधार मौजूद हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

6. शिथिल करने की शक्ति :– जहां केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां उसके लिए जो कारण है, उन्हें लिपिबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी उपबंध को, किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

7 व्यावृत्ति :– इन नियमों की कोई भी बात उन आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर निकाले गये आदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध किया जाना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन अथवा अचयन पद	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों की आयु	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए शैक्षिक तथा अन्य अर्हताएं
1	2	3	4	5	6	7
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी	2	सामान्य केन्द्रीय सेवा श्रेणी I राजपत्रित	1100-50-1600 रु०	चयन	40 वर्ष से अधिक नहीं (सरकारी कर्मचारियों के लिए छूट)	अनिवार्य : (1) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक कार्य, अर्थशास्त्र, समाज विज्ञान, सामाजिक मानव विज्ञान में मास्टर डिग्री या इसके समकक्ष। (2) समाज कल्याण के क्षेत्र में शोध करने का तथा समाज कार्यक्रमों के मूल्यांकन या विकास करने का 5 वर्ष का अनुभव। (3) सांख्यिकी पद्धति तथा शोध प्रणाली विज्ञान की जानकारी। (अन्यथा सुयोग्य उम्मीदवारों के मामले में संघ लोक सेवा आयोग के विवेक पर अर्हताओं में छूट दी जा सकती है।) वांछनीय :– (1) सामाजिक कार्य या समाज विज्ञान में डाक्टोरेट डिग्री या इसके समकक्ष। (2) समाज कल्याण का अनुभव। (3) विदेश तथा भारत में सामाजिक विकास की जानकारी।

1	2	3	4	5	6	7
2 अनुसन्धान अधिकारी	5	सामान्य केन्द्रीय सेवा श्रेणी I राजपत्रित	700-40-900-द०रो० 40-1100-50-1300 रुपये।	चयन	35 वर्ष से अधिक नहीं (सरकारी कर्मचारियों के लिए छूट)	अनिवार्य :— (1) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक कार्य, अर्थशास्त्र, समाज विज्ञान या सामाजिक मानव विज्ञान में मास्टर डिग्री या इसके समकक्ष। (2) समाज कल्याण क्षेत्र में शोध करने का तथा/या सामाजिक कार्यक्रमों के मूल्यांकन का 3 वर्ष का अनुभव। (योग्य उम्मीदवारों के मामले में संघ लोक सेवा आयोग के विवेक पर अर्हताओं में छूट दी जा सकती है।) वांछनीय :— (1) सामाजिक कार्य या सामाजिक विज्ञान में डाक्टोरेट डिग्री या इसके समकक्ष। (2) समाज कल्याण आयोजन तथा योजना क्रियान्वित का अनुभव।
3 वरिष्ठ अनुसंधान अन्वेषक	4	केन्द्रीय सेवा श्रेणी-II अराजपत्रित गैर अनुसचीवीय	550-25-750-द०रो०-30-90 रुपये	लागू नहीं	30 वर्ष से अधिक नहीं (सरकारी कर्मचारियों के लिए छूट)	अनिवार्य : मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक कार्य, अर्थशास्त्र, समाज विज्ञान या समाज मानव-विज्ञान में कम से कम द्वितीय श्रेणी में मास्टर डिग्री या इसके समकक्ष। (सुयोग्य उम्मीदवारों के मामले में संघ लोक सेवा आयोग के विवेक पर अर्हताओं में छूट दी जा सकती है)। वांछनीय : सर्वेक्षणों में भाग लेने का अनुभव या रिपोर्टों को तैयार तथा आंकड़ों के विश्लेषण सहित समाज कल्याण के क्षेत्र में शोध का अनुभव।
4 संगणक	1	सामान्य केन्द्रीय श्रेणी सेवा III अराजपत्रित गैर अनुसचीवीय।	260-6-290-द०रो०-6-326-8-366-द०रो०-8-390-10-400 रुपये।	लागू नहीं	25 वर्ष से अधिक नहीं	अनिवार्य : सांख्यिकी या गणित में ग्रेजुएट। वांछनीय : (1) सांख्यिकी आंकड़ों के विश्लेषण का अनुभव। (2) समाज कल्याण योजनाओं की जानकारी।

क्या सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु तथा शैक्षिक अर्हताएं पदोन्नति की दशा में भी लागू होंगी या नहीं।	परिवीक्षा की अवधि, यदि हो	भर्ती की पद्धति सीधी होगी या पदोन्नति या प्रतिनियुक्ति अथवा स्थानांतरण द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण द्वारा भर्ती की दशा में वे ग्रेड जिनसे पदोन्नति/स्थानांतरण किया जायेगा।	यदि विभागीय पदोन्नति समिति विद्यमान है तो उसकी संरचना।	भर्ती करने में किन परिस्थितियों पर संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जायेगा।
8	9	10	11	12	13
नहीं	2 वर्ष	50% पदोन्नति द्वारा, ऐसा न होने पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण/ 50% प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण। द्वारा या ऐसा न होने पर सीधी भर्ती द्वारा।	पदोन्नति नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद अनुसंधान अधिकारी के ग्रेड में 5 वर्ष की सेवा। स्थानांतरण : केन्द्रीय सरकार के अधीन सदृश पदों पर लगे अधिकारी। प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण : केन्द्रीय सरकार के अधीन सदृश पदों पर काम करने वाले अधिकारी या 400—950 रुपये के वेतनमान में पदों पर कम से कम 5 वर्ष की सेवा या इसके समकक्ष और स्तम्भ 7 के अधीन सीधी भर्ती के लिए विहित योग्यताओं वाले अधिकारी। (साधारणतः प्रतिनियुक्ति की अवधि 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी)।	श्रेणी I विभागीय समिति	जैसा कि संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट विनियम 1958) के अधीन अपेक्षित है।
नहीं	2 वर्ष	33⅓% पदोन्नति द्वारा, ऐसा न होने पर प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण द्वारा। 66⅔% प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण या स्थानांतरण द्वारा ऐसा न होने पर सीधी भर्ती।	पदोन्नति : नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद वरिष्ठ अनुसंधान अन्वेषक के ग्रेड में 5 वर्ष की सेवा। स्थानांतरण : केन्द्रीय सरकार के अधीन सदृश पदों पर कार्य करने वाले अधिकारी। प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण : केन्द्रीय सरकार में सदृश पदों पर काम करने वाले अधिकारी या 350—900 के वेतनमान में पदों पर न्यूनतम 3 वर्ष की सेवा तथा कालम 7 के अधीन 325—575 रुपये के वेतनमान में पदों पर 5 वर्ष की सेवा तथा कालम 7 के अधीन सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हताओं वाले अधिकारी (साधारणतः प्रतिनियुक्ति की अवधि 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी।)	श्रेणी I विभागीय पदोन्नति समिति।	जैसे संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श सेवा छूट विनियम, 1958) के अधीन अपेक्षित है।
लागू नहीं	2 वर्ष	सीधी भर्ती द्वारा	लागू नहीं	लागू नहीं	जैसा कि संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट विनियम, 1958) के अधीन अपेक्षित है।
लागू नहीं	2 वर्ष	सीधी भर्ती द्वारा ऐसा न होने से प्रतिनियुक्ति या स्थानांतरण द्वारा।	स्तम्भ—7 में निर्दिष्ट अर्हताओं के के साथ समान, समकक्ष या सदृश पदों पर कार्य करने वाले अधिकारियों के स्थानांतरण द्वारा। स्तम्भ—7 में उल्लिखित अर्हताओं वाले किसी भी श्रेणी III पद पर लगे पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति द्वारा।	लागू नहीं	लागू नहीं

[संख्या ए० 12/6/73-स्थापना]

सुरेश कपूर, अवर सचिव

DEPARTMENT OF SOCIAL WELFARE

New Delhi, the 14th October, 1974

G. S. R. 1217.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to certain Class I, Class II and Class III posts in the Deptt. of Social Welfare, namely :—

1. Short title and commencement:—(1) These rules may be called the Department of Social Welfare (Class I, Class II and Class III posts) Recruitment Rules, 1974.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Application :—These rules shall apply to the posts specified in column 1 of the Schedule annexed hereto.

3. Number of posts, classification and scale of pay :—The number of posts, classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the said Schedule.

4. Method of recruitment, age limit and qualifications, etc:—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns 5 to 13 of the Schedule aforesaid.

5. Disqualifications:—No person—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person, shall be eligible for appointment to any of the said posts :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

6. Power to relax :—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may by order, for reasons to be recorded in writing, and in consultation with Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of posts or persons: provided that, so much of this rule as relates to the consultation with the Union Public Service Commission, shall not apply to Class III posts.

7. Saving :—Nothing in these rules shall effect reservations and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of Post	No. of Posts	Classification	Scale of Pay	Whether Selection Post or non-Selection Post	Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
1. Senior Research Officer	2	General Central Service Class I Gazetted	Rs. 1100-50-1600	Selection	Not exceeding 40 years (Relaxable for Government servants)	Essential : (i) Master's Degree in Social Work, Economics, Sociology or Social Anthropology from a recognised University or equivalent. (ii) 5 years experience of conducting research in the field of social welfare and development or evaluation of social programmes. (iii) Knowledge of statistical methods and research methodology. (Qualifications relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in case of candidates otherwise well qualified.) Desirable : (i) Doctorate Degree in Social Work or Sociology or equivalent. (ii) Experience in Social Welfare planning and plan implementation. (iii) Knowledge of social development in India and abroad.

Whether age and educational qualifications prescribed for the direct recruit will apply in the case of promotees	Period of probation if any	Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion/deputation/transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made	If the Departmental Promotion Committee exists what is its composition	The circumstances in which Union Public Service Commission to be consulted in making recruitment
8	9	10	11	12	13
No	2 years	50% by Pomotion, failing which by transfer on deputation. 50% by transfer on deputation or transfer, failing which by direct recruitment.	Promotion: Research Officers with 5 years service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis. Transfer: Officers holding analogous posts under the Central Government. Transfer on deputation : Officers under the Central Government holding analogous posts or with at least 5 years service in posts in the scale of Rs. 400-950 or equivalent and possessing the qualifications prescribed for direct recruits under Column 7. (Period of deputation—ordinarily not exceeding 3 years.)	Class I Departmental Promotion Committee.	As required under the Union Public Service Commission. (Exemption from Consultation) Regulations, 1958.

1	2	3	4	5	6	7
2. Research Officer.	5	General Central Service Class I Gazetted	Rs. 700-40-900-EB-40-1100-50-1300.	Selection.	Not exceeding 35 years (Relaxable for Government Servants).	Essential : (i) Master's degree in Social Work, Economics, Sociology/or Social Anthropology from a recognised University or equivalent. (ii) 8 years experience of conducting research in the field of Social Welfare and or evaluation of social programmes. (Qualifications relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in case of candidates otherwise well qualified.) Desirable : (i) Doctorate Degree in Social Work or Sociology or equivalent. (ii) Experience in Social Welfare planning and plan implementation.

8	9	10	11	12	13
No	2 years	33-1/3% by promotion, failing, which by transfer on deputation. 66-2/3% by transfer on deputation or transfer falling, which by direct recruitment.	Promotion: Senior Research Investigators with 5 years service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis. Transfer : Officers holding analogous posts under the Central Government. Transfer on Deputation : Officers under the Central Government holding analogous posts or with at least 3 years service in posts in the scale of Rs. 350-900 or 5 years service in posts in the scale of Rs. 325-575 and possessing the qualifications prescribed for direct recruits under column 7. (Period of deputation—ordinarily not exceeding 3 years).	Class I Departmental Promotion Committee.	As required under the Union Public Service Commission (Exemption from Consultation) Regulations 1958.

1	2	3	4	5	6	7
3.	Senior Research Investigator.	4	General Central Service Class II Non-Gazetted Non-Ministerial.	Rs. 550-25-750-EB-30-900.	Not applicable.	Not exceeding 30 years. (Relaxable for Government servants)	Essential : At least Second class Master's degree in Social Work, Economics, Sociology or Social Anthropology from a recognised University or equivalent. (Qualifications relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in case of candidates otherwise well qualified.) Desirable : Experience of participation in surveys or research in the field of Social Welfare, including analysis of data and preparation of reports.
4.	Computer	One	General Central Service Class III Non-gazetted Non-Ministerial.	Rs. 260-6-290-EB-6-326-8-366-EB-8-390-10-400.	-do-	Not exceeding 25 years.	Essential : Graduate with statistics or Mathematics. Desirable : (i) Experience in analysing statistical data. (ii) Familiarity with Social Welfare schemes.

8	9	10	11	12	13
Not applicable	2 years	By direct recruitment	Not applicable	Not Applicable	As required under the Union Public Service Commission (Exemption from Consultation, Regulations, 1958).
Not applicable	2 years	Direct recruitment failing which by deputation or transfer.	Transfer of officers holding similar, equivalent or analogous posts, having qualifications mentioned in column 7, Deputation of officials holding any class III post and having the qualifications mentioned in column 7. (Period of deputation—ordinarily not exceeding 3 years).	Not applicable	Not applicable

[No. A- 12/6/73-Estt.]

S. KAPOOR, Under Secy.

नौवहन और परिवहन मंत्रालय

(परिवहन पक्ष)

नई दिल्ली, 31 अक्तूबर, 1974

(वाणिज्य पोत परिवहन)

सा० का० नि० 1218.—केन्द्रीय सरकार, वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) की धारा 404 और धारा 458 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और उसे इस निमित्त समर्थ बनाने वाली सभी अन्य शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

भाग 1

प्रारंभिक

1 संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम वाणिज्य पोत परिवहन (नष्टि और उद्धारण) नियम, 1974 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं :—(1) इन नियमों में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो—

(क) "अधिनियम" से वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) अभिप्रेत है;

(ख) "अधिकारिता" से नष्टि के रिसीवर के सम्बन्ध में वे स्थानीय सीमाएं अभिप्रेत हैं जो अधिनियम की धारा 391 की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई अधिसूचना में विनिर्दिष्ट हैं।

(ग) "जल परिवहन विभाग, जिला" से क्रमशः प्रमुख अधिकारियों की अधिकारिता के वे क्षेत्र अभिप्रेत हैं जो इन नियमों की प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट हों।

(घ) "भारत के सागर तटों के निकट" से भारत में या भारत के क्षेत्रीय जल के अन्दर कोई पत्तन या स्थान अभिप्रेत है।

(ङ) "स्वामी" में ऐसे जलयान का मास्टर भी सम्मिलित है जो नष्ट हुआ हो।

(च) "प्रमुख अधिकारी" से ऐसा अधिकरण अभिप्रेत है जो अधिनियम की धारा 8 की उपधारा (2) के आधार पर नियुक्त किया गया हो।

(छ) "पत्तन" से ऐसा पत्तन अभिप्रेत है जो भारतीय पत्तन अधिनियम, 1908 (1908 का 15) में परिभाषित है।

(ज) "रिसीवर" से नष्ट पोतों का ऐसा रिसीवर अभिप्रेत है जिसे अधिनियम की धारा 391 की उप-धारा (1) के अधीन नियुक्त किया गया हो।

(झ) "अनुसूची" से इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है।

(ट) "मूल्यांकक" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे किसी जलयान या ऐसे जलयान के किसी उपस्कर या स्थोरा की कोई अन्य वस्तु या ऐसे जलयान की सामग्री के मूल्य निर्धारण के लिए इन नियमों के अधीन रिसीवर द्वारा नियुक्त किया गया हो।

(2) जो शब्द और पद इन नियमों में प्रयुक्त किए गए है किन्तु उप-नियम (1) में परिभाषित नही किए गए हैं, उनके क्रमशः वही अर्थ होंगे जो उन्हें इस अधिनियम मे समनुदेशित किए गए हैं।

भाग 2

नष्टि

3. नष्टि के बारे में आसूचना का दिया जाना—जहां किसी रिसीवर को किसी जलयान के बारे में ऐसी आसूचना प्राप्त होती है कि वह नष्ट हो गया है या उत्कूलित हो गया है या सकट में है, वहां वह ऐसी आसूचना प्राप्त करने पर तुरन्त प्रमुख अधिकारी को ससूचित करेगा।

4. किसी नष्टि के मिलने पर अपनाई जाने वाली प्रक्रिया—(1) कोई भी व्यक्ति, जो किसी रिसीवर की अधिकारिता की सीमाओं के अन्दर किसी नष्टि को पाता है और उसका कब्जा लेता है या ऐसे नष्टि को ऐसी सीमाओं के अन्दर लाता है, यथासाध्यशीघ्र लिखित रूप में रिसीवर को ऐसे प्रारूप में रिपोर्ट करेगा जो द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट है।

(2) रिसीवर ऐसी प्रत्येक रिपोर्ट की एक प्रति प्रमुख अधिकारी के पास भेजेगा।

5. **निमग्न**

5. *निमग्न या परित्यक्त नष्टि का कब्जा लेने के लिए प्रक्रिया*: (1) जहां किसी रिसीवर को यह आसूचना मिलती है कि कोई नष्टि जो कि जलयान है, भारत के समुद्रतट के निकट निमग्न या उत्कूलित हो गया है और उसके स्वामी द्वारा परित्यक्त कर दिया गया है, वहा वह यथासाध्यशीघ्र उस स्थान का प्रस्थान करेगा जहां ऐसा जलयान पड़ा है, ऐसे जलयान पर सीसे का तार (लीड लाइन) डालेगा और यह घोषणा करेगा कि अधिनियम के अधीन अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए उसने नष्टि का कब्जा ले लिया है।

(2) जहां किसी रिसीवर को यह आसूचना मिलती है कि कोई नष्टि जो कि जलयान नही है, भारत के समुद्रतट के निकट पाया गया है, तो वह यथासाध्यशीघ्र उस स्थान के लिए प्रस्थान करेगा जहां ऐसा नष्टि पड़ी हुई है और उसका वास्तविक रूप मे कब्जा लेगा। जहा नष्टि का वास्तविक कब्जा लेना साध्य नही है, वहां वह यह घोषणा करेगा कि उसने अधिनियम के अधीन अपनी शक्तियो का प्रयोग करते हुए नष्टि का कब्जा ले लिया है।

6. नष्टि का कब्जा लेने पर की जाने वाली कार्यवाही: (1) किसी नष्टि पोत का कब्जा लेते समय रिसीवर—

(क) प्रमुख अधिकारी को ससूचित करते हुए, नष्ट जलयान के बारे में लिखित रूप मे विशिष्टियां देते हुए उस देश के जिसमे जलयान रजिस्ट्रीकृत है, निकटतम कौंसलीय अधिकारी को ससूचना उस दशा म भजगा जब कि नष्टि में भारतीय जलयान से भिन्न जलयान है;

(ख) प्रमुख अधिकारी को संसूचित करते हुए, जलयान के स्वामियो को लिखित ससूचना उस दशा मे भेजेगा जब कि नष्टि में भारतीय जलयान है;

(ग) प्रमुख अधिकारी को संसूचित करते हुए ऐसे देश के जिसमे जलयान रजिस्ट्रीकृत है, निकटतम कौसलीय अधिकारी को जलयान के ऐसे पुर्जों, वस्तुओं और उपस्करों के बारे में विशिष्टियां देते हुए लिखित रूप में उस दशा मे संसूचना भेजगा जब कि नष्टि मे भारतीय जलयान से भिन्न किसी जलयान के पुर्जे, वस्तुएं या उपस्कर है;

(घ) प्रमुख अधिकारी को संसूचित करते हुए जलयान के स्वामियों को उसके पुर्जों, वस्तुओं या उपस्करों के बारे में विशिष्टियां देते हुए उस दशा में लिखित संसूचना भजगा जब कि नष्टि में किसी भारतीय जलयान के पूर्जे, वस्तुए या उपस्कर है;

(ङ) निकटतम सीमा-शुल्क अधिकारी तथा प्रमुख अधिकारी को संसूचित करते हुए, उस देश के जिसमें पोत रजिस्ट्रीकृत हो, निकटतम कौसलीय अधिकारी को, ऐसे स्थोरा की विशिष्टियां देते हुए लिखित संसूचना उस दशा में भेजेगा जब कि नष्टि मे ऐसा स्थोरा है जो भारतीय जलयान से भिन्न किसी जलयान से फेंका गया हो;

(च) निकटतम सीमा-शुल्क अधिकारी तथा प्रमुख अधिकारी को संसूचित करते हुए, ऐसे स्थोरा की विशिष्टियां देते हुए उस दशा में जलयान के स्वामी को लिखित संसूचना भेजेगा जब कि नष्टि में ऐसा स्थोरा है जो भारत के तटीय व्यापार से भिन्न व्यापार मे लगे हुए किसी भारतीय जलयान से फेका गया हो,

(छ) प्रमुख अधिकारी को संसूचित करते हुए ऐसे स्थोरा के बारे में जलयान के स्वामी को लिखित रूप में पूरी विशिष्टियां बतलाते हुए उस दशा मे संसूचना भेजेगा जब कि नष्टि मे ऐसा स्थोरा है जो ऐसे भारतीय पोत पर से फेंका गया है जो भारत के तटीय व्यापार मे लगा हुआ है; और

(ज) प्रमुख अधिकारी को संसूचित करते हुए, यथास्थिति, ऐसे जलयान या उसके स्थोरा की वस्तुए या उपस्कर के बारे मे पूरी विशिष्टियां देते हुए सशक्त विभाग के समुचित प्राधिकारियो को लिखित संसूचना उस दशा में भेजेगा जब कि नष्टि म ऐसा जलयान है जो किसी सरकारी विभाग के स्वामित्वाधीन और उस द्वारा प्रचालित किया जाता है या ऐसे जलयान के स्थोरा की कोई वस्तु या उपस्कर है:

परन्तु जहां खण्ड (ग), (घ), (ङ), (च) या (छ) में निर्दिष्ट किसी मामले में, जलयान की, जिससे नष्टि हुई है, पहचान नही की गई है, तो रिसीवर प्रमुख अधिकारी को ससूचना भेजेगा।

(2) जहां कोई नष्टि, जो कि जलयान है, निमग्न या उत्कूलित है, भारत मे किसी पत्तन या स्थान पर पहुंचने के लिए भली भांति नौ परिवहन मे बाधा या खतरा कारित करता है या कारित करने की सभावना है वहा रिसीवर नौ परिवहन संबंधी ऐसी बाधा या खतरे के बारे मे तृतीय अनुसूची मे दिए गए प्ररूप मे प्रमुख अधिकारी को एक रिपोर्ट भेजेगा। ऐसी रिपोर्ट में यथासाध्य, बाधा का स्वरूप और उसकी प्रकृति तथा समुचित जल सर्वेक्षण संबंधी चार्ट में उसकी अवस्थिति दी जाएगी।

7. रिसीवर द्वारा अधिसूचना का प्रकाशन. (1) अधिनियम की धारा 397 के अधीन रिसीवर द्वारा प्रकाशित होने वाली प्रत्येक अधिसूचना, चतुर्थ अनुसूची में दिए गए प्ररूप में होगी। ऐसी प्रत्येक अधिसूचना, नष्टि के कब्जे में लेने के 48 घंटों के भीतर जारी की जाएगी और उसे रिसीवर के कार्यालय के सूचनापट पर कम से कम 11 दिन तक प्रदर्शित किया जायेगा। ऐसी प्रत्येक अधिसूचना की एक प्रति प्रमुख अधिकारी को भेजी जाएगी।

(2) जहां नष्टि पोत का आकलित मूल्य 500 रु० से अधिक हो, वहां रिसीवर, उप-नियम (1) में निर्दिष्ट अधिसूचना के अतिरिक्त कम से कम दो समाचारपत्रों के, जिनका संबद्ध जल परिवहन विभाग जिला में व्यापक परिचालन हो, तीन लगातार अंकों में नष्टि के बारे में विज्ञापन प्रकाशित करेगा।

8. बीमाकर्ता को रिपोर्ट : जहां नष्टि में कोई जलयान या किसी जलयान की कोई वस्तु या उपस्कर है, वहां रिसीवर अपने द्वारा अधिनियम की धारा 397 के अधीन की गई प्रत्येक अधिसूचना तथा विज्ञापन की, यदि वह नियम 7 के उप-नियम (2) के अधीन जारी की गई हो, एक प्रति समुचित बीमाकर्ता को, यदि ज्ञात हो, भेजेगा।

9. नष्टि के बारे में दावे : नष्टि या उसके विक्रय आगमों के बारे में सभी दावे पंचम अनुसूची के भाग 1 में रिसीवर को किए जाएंगे।

10. शंकास्पद मामलों में दावे : जहां यथास्थिति, किसी नष्टि के परिदान या उसके विक्रय आगमों के बारे में किए गए किसी दावे की बाबत दावेदार के हक के संबंध में रिसीवर के सामने कोई शंका उत्पन्न होती है, वहां, वह ऐसे दावेदार के पंचम अनुसूची के भाग 2 को भरने की अपेक्षा करेगा और उससे यह भी अपेक्षा करेगा कि वह दावे के हक के संबंध में ऐसा अन्य साक्ष्य पेश करे जो वह दावा ग्रहण करने के लिए पर्याप्त समझे। ऐसे किसी भी मामले में रिसीवर, जोत रजिस्ट्रार जहाज से माल भेजने या मांगने वाले, परेषिती और किसी अन्य व्यक्ति से जांच कर सकेगा जिसे वह दावे दार के हक के संबंध में अपना समाधान करने के लिए आवश्यक समझे।

11. अभिकर्ताओं या समनुदेशितियों द्वारा दावे . यथास्थिति, नष्टि के स्वामी के अभिकर्ता या समनुदेशिती द्वारा किए गए दावे को तब तक ग्रहण नहीं किया जाएगा जब तक दावेदार ऐसे दस्तावेज जिन्हें वह ऐसे समाधान के लिए पर्याप्त समझे, कि अभिकर्ता या समनुदेशिती को स्वामी द्वारा इस निमित्त सम्यक्‌ रूप से प्राधिकृत किया गया है, पेश करके रिसीवर का समाधान नहीं कर लेता है।

12. मृतक स्वामी के किसी प्रतिनिधि का दावा . किसी मृत मास्टर, नाविक या नष्ट जलयान के यात्री की नष्टि में की कोई वस्तु या उसके विक्रय आगम की बाबत कोई दावा तब तक ग्रहण नहीं किया जाएगा जब तक कि दावेदार, ऐसी दस्तावेजी साक्ष्य पेश करके जिसे रिसीवर ऐसी वस्तुएं या उनके विक्रय आगम की बाबत हक के बारे में आवश्यक समझे, रिसीवर का समाधान नहीं कर लेते है।

13. असली स्वामी को नष्टि का परिदान किया जाना : (1) किसी नष्टि का असली स्वामी, जिसने नष्टि या उसके किसी पुर्जे या ऐसे नष्टि या उसके पुर्जे के विक्रय आगम की बाबत इन नियमों के उपबंधों के अनुसार रिसीवर के समाधानप्रद रूप में अपना हक स्थापित कर लिया हो रिसीवर को उद्धारण प्रभार, अन्य कोई व्यय जो रिसीवर द्वारा नष्टि की पुनः प्राप्ति, संरक्षण या सुरक्षा में सही रूप से उपगत किया गया हो, तथा नियम 27 के अधीन रिसीवर को देय फीस, देने के लिए बाध्य होगा।

(2) रिसीवर नष्टि या उसके पुर्जे या ऐसे नष्टि या उसके पुर्जे के विक्रय आगम का किसी दावेदार को परिदान करना तब तक रोक सकेगा जब तक कि उप-नियम (1) में निर्दिष्ट उसका दावा पूर्ण रूप से तय नहीं हो जाता है।

(3) इस नियम के प्रयोजनार्थ दावेदार, इस बात के होते हुए भी कि उसका दावा सम्पूर्ण सम्पत्ति या उसके पुर्जे के बारे में है, उद्धारण प्रभार तथा समस्त नष्टि सम्पत्ति की बाबत रिसीवर द्वारा उपगत किए गए अन्य व्यय देने के लिए बाध्य होगा।

(4) रिसीवर, नष्टि या उसके विक्रय आगम देने के पश्चात् दावेदार से पंचम अनुसूची के भाग 1 में रसीद प्राप्त करेगा।

14. ऐसे नष्टि का विक्रय जिसके बारे में दावा नहीं किया गया है : (1) रिसीवर, किसी ऐसे नष्टि पोत को, जो अधिनियम की धारा 398 के उपबंधों को आकृष्ट करता है, नियम 15 के उपबंधों के अनुसार विक्रय कर सकेगा।

(2) ऐसे नष्टि, जो अधिनियम की धारा 398 के उपबंध आकृष्ट नहीं करती है, केन्द्रीय सरकार या इस निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी से लिखित रूप में अनुदेशों के बिना नहीं बेची जा सकेगी। ऐसी प्रत्येक नष्टि की बाबत रिसीवर, नष्टि के कब्जे में लेने की तारीख से 12 मास की समाप्ति के ठीक पश्चात् केन्द्रीय सरकार या इस निमित्त उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अधिकारी से, प्रमुख अधिकारी के माध्यम से निदेश प्राप्त करेगा।

15. नष्टि के विक्रय के लिये प्रक्रिया : (1) रिसीवर लोक नीलाम के माध्यम से अन्यथा किसी नष्टि का विक्रय नहीं करेगा। क्रेता को ऐसा प्रत्येक विक्रय सरकार या पत्तन प्राधिकारियों की देय किन्हीं करों के लिए तथा नष्टि पर प्रत्येक सामुयिक धारणाधिकार जैसे विलंगम के लिए उसका पूरा दायित्व मानते हुए "जैसा है जहां है" के आधार पर किया जायगा।

(2) किसी नष्टि पोत के विक्रय के लिए सूचना विक्रय के लिए नियत तारीख से कम से कम 14 दिन पूर्व कम से कम ऐसे दो दैनिक समाचारपत्रों में जिनका सम्बद्ध नौ-परिवहन विभाग के जिले में व्यापक परिचालन है, तीन लगातार अंकों में प्रकाशित की जाएगी। ऐसी प्रत्येक सूचना में निम्नलिखित बातें होंगी——

(क) उस नष्टि का विवरण जिसका विक्रय किया जा रहा है, उसका स्थल तथा अन्य ज्ञात विशिष्टियां, यदि कोई हो;

(ख) नीलाम की कीमत की वह प्रतिशतता जिसकी अदायगी नीलाम की समाप्ति के पश्चात् तत्क्षण करनी होगी;

(ग) वह अवधि जिसके भीतर सफल बोली लगाने वाले द्वारा अतिशेष की रकम देय होगी;

(घ) ऐसी अन्य विशिष्टियां जो बेचे जाने वाली नष्टि की प्रकृति तथा उन परिस्थितियों जिनमें उसका विक्रय किया जा रहा है, के आधार पर आवश्यक समझी जाएं;

(ङ) ऐसा उपबंध जो रिसीवर के पक्ष में ऐसा अधिकार आरक्षित करता है कि वह सब ऊंची बोली नामंजूर कर सके या बिना कारण दिए विक्रय को स्थगित या रद्द कर सके,

(च) इस प्रकार का उपबंध कि खण्ड (ख) में निर्दिष्ट तत्क्षण अदायगी की रकम उस दशा में समपहरणीय होगी जबकि सफल बोली लगाने वाला खण्ड (ग) में अनुबंधित अवधि के भीतर अतिशेष रकम की पूर्ण और अंतिम अदायगी करने में असफल रहता है,

(3) जहां रिसीवर सबसे ऊंची बोली स्वीकार नहीं करता है या किसी नीलाम को स्थगित या रद्द कर देता है, वहां, वह, उसके लिए जो कारण है उन्हें लेखबद्ध करेगा तथा केन्द्रीय सरकार को रिपोर्ट करेगा।

(4) जहां रिसीवर द्वारा सबसे ऊंची बोली नामंजूर करने या नीलाम रद्द करने या अनुबंधित अवधि के भीतर कीमत की पूर्ण और अंतिम अदायगी करने में सबसे ऊंची बोली लगाने वाले के असफल रहने के कारण कोई नीलाम निरर्थक हो जाता है, वहां रिसीवर नष्ट पोत के पुनः विक्रय के लिए आयोजन करेगा।

16. दो या अधिक रिसीवरों की अधिकारिता मे फैली हुई नष्टि : जब किसी नष्टि का कोई भाग एक रिसीवर की अधिकारिता के भीतर बहायी या तट पर लायी जाती है और उसका शेष भाग दूसरे रिसीवर या रिसीवरों की अधिकारिता में बहायी या तट पर लायी जाती है, तब प्रत्येक रिसीवर एक दूसरे से स्वतंत्र रूप से कार्यवाही करेंगे।

17. अन्य रिसीवर की अधिकारिता में परिवर्त्त नष्टि : जब किसी रिसीवर की अधिकारिता में पायी गयी नष्टि किसी अन्य रिसीवर को परिवर्त्त की जाती है, तब पश्चात्कथित इस मामले की रिपोर्ट सुरन्त पूर्ववर्ती को करेगा। ऐसी नष्टि का व्ययन, ऐसे रिसीवर द्वारा जिसे वह परिवर्त्त किया गया है, ऐसी रीति से किया जायगा मानों वह उसकी अधिकारिता में पायी गयी हो।

18. ऐसी सम्पत्ति जिसके बारे में यह सिद्ध किया गया है वह नष्टि नहीं है : (1) कोई रिसीवर ऐसी सम्पत्ति का कब्जा नहीं लेगा जो प्रथम दृष्टया नष्टि पोत प्रतीत नही होती है।

(2) रिसीवर द्वारा कब्जे में ली गई कोई सम्पत्ति जब नष्टि पोत के रूप में नही पाई जाती है, तब उसे इस शर्त के अधीन, दावा करने पर, असली स्वामी को परिवर्त्त किया जाएगा कि पश्चात्कथित नियम 25 में यथानुध्यात, उसके सुरक्षित संरक्षण के लिए रिसीवर द्वारा उपगत युक्तियुक्त व्यय देने के लिए सहमत है।

19. ऐसे बोया जो बहते हुए या तट पर पाए जाते हैं—जब रिसीवर किसी बोया के बहने या उसके तट पर फेंके जाने के बारे में कोई आसूचना प्राप्त करता है या जब ऐसा कोई बोया उसे परिवर्त्त किया जाता है, तब वह ऐसी विशिष्टियां सहित जो उपलब्ध हों, एक रिपोर्ट प्रमुख अधिकारी को संसूचित करते हुए, प्रकाश स्तम्भ तथा प्रकाश नौका निदेशालय के निकटतम कार्यालय को भेजेगा। जहां रिसीवर, प्रकाश स्तम्भ तथा प्रकाश नौका निदेशालय के निकटतम कार्यालय को संसूचित नहीं कर सकता है, वहां वह मामले के बारे में प्रमुख अधिकारी को रिपोर्ट करेगा जो उस रिपोर्ट को समुचित प्राधिकारियों को भेजेगा।

भाग 3

उद्धारण

20. उद्धारण : (1) संकटग्रस्त जलयान का स्वामी या मास्टर या इस निमित्त स्वामी द्वारा सम्यकत. प्राधिकृत कोई अन्य व्यक्ति, संकटग्रस्त जलयान के संबंध में उद्धारण सेवाए करने के लिए किसी व्यक्ति से करार कर सकेगा। ऐसे करार में निम्नलिखित के संबंध मे व्यवस्था होगी—

(1) वह रकम जो संकटमय कार्य के सफलतापूर्वक पूरे होने पर उद्धारक को देय हो;

(2) वह रकम जो सकटमय कार्य के भागतः सफलता की दशा में उद्धारक को देय हो,

(3) संविदा के पक्षकारो के अधिकार और उत्तरदायित्व जिसमें पारिश्रमिक के लिए उद्धारक का अधिकार भी सम्मिलित है तथा उसकी वसूली के लिए उपाय;

(4) वह रीति जिससे इस करार से उत्पन्न होने वाला कोई विवाद तय किया जाएगा; और

(5) विशिष्ट महत्व या करार की विषय-वस्तु से सुसंगत कोई अन्य बात।

(2) जहां कोई जलयान जिसके संबंध में उद्धारण सेवाएं की गई हो, नष्टि है, वहां उसके स्वामी को, यदि वह नष्टि के बारे में दावा करता है, उद्धारण प्रचार संबंधी सभी बातों को अपने तथा उद्धारक के बीच तय करने का अवसर दिया जाना चाहिए। किसी भी दशा में नष्टि का परिदान स्वामी को तब तक नही किया जाएगा जब तक रिसीवर का यह समाधान नही हो जाता है कि उद्धारण प्रभारों से संबंधित सभी दावे सम्बद्ध पक्षकारो के समाधानप्रद रूप में तय किए गए है।

